ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



इरफान खान की आखिरी फिल्म 28 को ... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 20 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-184 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### राजीव कुमार व अमित अग्रवाल पर आरोप गठन 27 को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल के आरोप गठन पर 27 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में बुधवार को अधिवक्ता राजीव कुमार अदालत में हाजिर हुए लेकिन किसी कारण से अमित अग्रवाल हाजिर नहीं हो सके। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की अगली सुनवाई की तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की। इससे पूर्व छह अप्रैल को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटिशन को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब मामले में आरोप गठन की कार्रवाई होनी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### झारखंड, बिहार में नक्सलियों ने किया 48 घंटे बंद का ऐलान

**लोहरदगा।** चतरा जिले के लावालौग थाना क्षेत्र स्थित ग्रहे जंगल में हुई मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने 48 घंटे के लिये बिहार और झारखंड बंद की घोषणा की है। यह घोषणा भाकपा माओवादी के पूर्वी बिहार और पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता प्रतीक जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 20 और 21 अप्रैल को बिहार-झारखंड बंद करने का ऐलान किया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि डीजीपी और डीआईजी का दावा है कि चतरा के लावालौंग स्थित ग्रहे वन क्षेत्र में चतरा पुलिस, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ, जैप ने संयुक्त कार्रवाई में पांच साथियों को मार गिराया। दो एक-47, दो इंसास, देशी बंदूक बरामद किया गया। लेकिन पुलिस को खरोच तक नही आई। पुलिस पर भीतरघाती का सहारा लेकर पांचो की हत्या का आरोप लगाया है। माओवादी का आरोप है कि डीजीपी अजय कुमार

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 20 अप्रैल को संध्या 6:17 और सेहरी का समय 21 अप्रैल को सुबह 4:10 मिनट में

# चीन नहीं, अब भारत है दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश

**एजेंसी। न्यूयार्क**

दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश अब चीन नहीं, बल्कि अपना देश भारत है। इस साल की शुरूआत में ही ग्लोबल एक्सपटर्स ने अनुमान लगाया था कि 2023 में सबसे ज्यादा जनसंख्या भारत की होगी। अब इस पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के नवीनतम आंकड़ों ने मुहर लगा दी है। संयुक्त राष्ट्र (यूएनएफपीए) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत में अब चीन की तुलना में 20 लाख से ज्यादा लोग हैं। इस देश की आबादी बढ़ते-बढ़ते 140 करोड़ के पार पहुंच गई है। चीन में बच्चे पैदा करने की दर कम हुई है।





**यूनाइटेड नेशंस की संस्था ने जारी किए ताजा आंकड़े :** यूएनएफपीए की 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023', जिसे '8 बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीजः द केस फॉर राइट्स एंड चॉइस' के टाइटल से जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि अब भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन है, जबकि चीन की जनसंख्या 1,425.7 मिलियन है। यानी दोनों की जनसंख्या में 2.9 मिलियन का अंतर हो गया है। रिपोर्ट में ताजा आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की कैटेगरी में दिए गए हैं।

### खूब कोशिश कर रही चीनी सरकार, नहीं बढ़ रही आबादी

अब हालात ये हैं कि चीनी सरकार कहती है कि जो जोड़े 2 या 2 से ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे तो उन्हें कई तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। यहां तक कि कई कॉलेजों ने ऐसी घोषणा कर दी कि युवा लड़के-लड़कियां कम से कम 15 दिन के 'स्प्रिंग ब्रेक' पर जाएं ताकि प्यार में पड़ सकें और घर बसाकर बच्चे पैदा कर सकें। इसी साल की शुरूआत में एक चौंकाने वाली खबर यह भी आई कि दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर रहा बीजिंग, जो कि चीन की राजधानी भी है, वहां आबादी बढ़ने के बजाए कम हो गई है।

### पहली बार भारत की जनसंख्या चीन से ज्यादा हुई

संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या डेटा रिकॉर्ड में यह पहली बार है कि भारत की जनसंख्या 1950 के बाद से चीन से ज्यादा दर्ज की गई है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 1945 में खत्म हुए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुई थी और 1950 संयुक्त राष्ट्र ने जनसंख्या डेटा एकत्र करना और जारी करना शुरू किया था। संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या के 1950 से 2023 तक के चार्ट और तालिका पर नजर डालें तो भारत की आबादी कुछ इस तरह से बढ़ी-

2023 में भारत की जनसंख्या 1,428,627,663 है, जो 2022 से 0.81% अधिक है।
2022 में भारत की जनसंख्या 1,417,173,173 थी, जो 2021 से 0.68% अधिक रही।
2021 में भारत की जनसंख्या 1,407,563,842 थी, जो 2020 से 0.8% अधिक रही।
2020 में भारत की जनसंख्या 1,396,387,127 थी, जो 2019 से 0.96% अधिक रही।

**भारत के पास दुनिया में सबसे ज्यादा युवा भी हैं :** रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 25% आबादी 0-14 आयु वर्ग में है, यहां 10-19 साल तक की आयु के लोग 18% हैं, 10-24 साल तक के लोग 26% हैं, 15-64 साल तक के लोग 68% और 65 से ऊपर के लोग 7% हैं।

# राज्य सरकार को झटका

### आरक्षण सीमा बढ़ाने का बिल राज्यपाल ने लौटाया

### पहला विधेयक रमेश बैस ने लौटाया, दूसरा विधेयक सीपी राधाकृष्णन ने



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य में ओबीसी, एससी, एसटी आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने से संबंधित बिल राज्य सरकार को वापस लौटा दिया है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से मंजूरी के लिए आए इस बिल पर भारत सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से राय मांगी थी। अटॉर्नी जनरल ने अपने मंतव्य में आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कई अन्य न्यायादेशों के विपरीत बताया है। राज्यपाल ने इसी आधार पर सरकार को बिल वापस करते हुए उसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन सरकार ने बीते वर्ष 11 नवंबर को विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के अलावा राज्य में 1932 के खतियान पर आधारित डोमिसाइल पॉलिसी से जुड़े दो विधेयक एक साथ पारित कराया था। सरकार ने इन दोनों विधेयकों को ऐतिहासिक फैसला बताया था। ये दोनों विधेयक राज्यपाल के अनुमोदन के लिए भेजे गए थे। इसके साथ ही सरकार ने दोनों विधेयकों को राष्ट्रपति को भेजने का प्रस्ताव विधानसभा से पारित किया था, ताकि दोनों विधेयकों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जा सके।

राज्यपाल ने एक-एक कर दोनों विधेयक सरकार को लौटा दिए। डोमिसाइल पॉलिसी के विधेयक को संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत बताते हुए पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने पहले ही लौटा दिया था। अब विशेष सत्र में पारित दूसरे विधेयक को भी राज्यपाल द्वारा लौटा दिया जाना राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सनद रहे कि राज्य सरकार द्वारा पारित कराए गए 'झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022' में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिलने वाले आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। इसी तरह अनुसूचित जाति (एससी) को मिलने वाला आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया था। यह बिल मंजूर होने की सूरत में कुल मिलाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 50 से बढ़कर 67 प्रतिशत हो जाता। राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल के मंतव्य का हवाला देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने इंदिरा साहनी मामले में जातिगत आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित कर दी है। अटॉर्नी जनरल ने अपने मंतव्य में आरक्षण से संबंधित अन्य न्यायादेशों का भी जिक्र किया है।

# पलामू : पांच लाख के इनामी सहित दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत दो माओवादी नक्सलियों ने पलामू पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से एक नक्सली पर पांच लाख रुपये का इनाम था। बुधवार को पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त ए.दोड्डे, पलामू एसपी चंदन सिन्हा, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, सीआरपीएफ कमांडेंट सुदेश कुमार, आईपीएस ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, एनडीसी शैलेश कुमार की मौजूदगी में नौडीहा बाजार निवासी सबजोनल कमांडर संतु भुइयां उर्फ संतोष भुइयां और नावाबाजार निवासी सबजोनल कमांडर राजेश ठाकुर ने आत्मसमर्पण किया। इन अधिकारियों ने दोनो नक्सलियों को माला पहनाकर व बुके देने के साथ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने दोनों नक्सलियों को एक- एक लाख का चेक भी प्रदान किया। एसपी शेष पृष्ठ 11 पर



### माओवादी कमांडर गंझू पर तीन लाख का ईनाम

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लातेहार जिले के रूप पंचायत जंगल में हथियार बरामदगी मामले में भाकपा माओवादी कमांडर अघनू गंझू को मोस्ट वांटेड घोषित करते हुए उस पर तीन लाख रुपये का ईनाम घोषित किया है। अघनू गंझू मूल रूप से लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा गांव का रहने वाला है। इसके उपर झारखंड पुलिस ने भी पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। उल्लेखनीय है कि एनआईए ने 23 अप्रैल 2021 को लातेहार के गारू थाना क्षेत्र स्थित रूप पंचायत के जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की जांच को टेकओवर शेष पृष्ठ 11 पर

# हाथियों ने बुजुर्ग महिला को कुचल कर मार डाला

### बालूमाथ में जंगली हाथियों के झुंड का आतंक जारी

### कई घरों को किया ध्वस्त, अनाज को किया चट

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

वन क्षेत्र के अंतर्गत जंगली हाथियों का आतंक निरंतर जारी है। ताजा मामले में मंगलवार देर रात्रि को लगभग एक दर्जन जंगली हाथियों के झुंड ने वन क्षेत्र के हाथी और जाला गांव में घुसकर कई घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर दिया। इसके साथ ही एक 76 वर्षीय महिला जसोईया मसोमात को कुचल कर मार डाला। इसकी जानकारी होते ही बालूमाथ वन रेंज के फॉरेस्टर, जिप सदस्य एवं भाजपा के कई नेता घटनास्थल पर पहुंच पीड़ित परिजनों से मिले। आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि जंगली हाथी गांव में घुसते हैं, जिसकी सूचना वन विभाग को फोन से दी जाती है पर वन विभाग द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। वहीं वन विभाग ने मृतक महिला के परिजन को सरकारी नियमानुसार 40000 रुपये की नकद सहायता दी गई। बकाया राशि कुछ दिनों के बाद देने की बात कही गई। मौके पर पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शेष पृष्ठ 11 पर



# झारखंड बंद : छात्रों पर लाठी चार्ज

### बंद का राजधानी में दिखा मिला-जुला असर, 82 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की ओर से बुलाये गए झारखंड बंद का बुधवार को राजधानी रांची में मिला-जुला असर देखने को मिला। हालांकि इस दौरान शाम में पुलिस पर लाठीचार्ज भी किया। इसमें 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने 82 छात्रों को गिरफ्तार किया है। मोरहाबादी मैदान पर बंद समर्थक मनोज यादव, दवेन्द्र महतो सहित अन्य छात्र नेता अपने समर्थकों के साथ सुबह एकत्र हुए और साप्ताहिक बाजार को जबरन बंद करने को कहा। इन लोगों ने सड़क को अवरुद्ध कर टायर जलाया। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और बंद समर्थकों को खदेड़ा। कुछ देर बाद फिर बंद समर्थक वहां पहुंचे और जबरन सब्जी बाजार बंद कराने लगे। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया। इसके बाद बंद समर्थक भाग खड़े हुए। नगर में बंद के दौरान आम दिनों के तरह सड़कों पर वाहन थोड़े कम चले। हर चौक चौराहे पर पुलिस के जवान मुस्तैद दिखे। बूटी मोड के समीप बंद समर्थकों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया, लेकिन वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने बल प्रयोग करते हुए बंद समर्थकों को खदेड़ दिया। बंद के दौरान डिस्टलरी सब्जी मार्केट पूरी तरह से खुला रहा। कांटा टोली कोकर, लालपुर, बूटी मोड़, थड़पकना, डेली मार्केट, डोरंडा, हिनू सहित अन्य इलाकों के दुकानें खुली रहीं। अलबर्ट एक्का चौक के समीप कई दुकानें बंद दिखीं। इस दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने बाजार में घूमकर स्थिति का जायजा लेते रहे। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बंद के दौरान यातायात समान्य रहा। राजधानी शेष पृष्ठ 11 पर



# निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बुधवार को टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने वीरेंद्र राम की अस्थायी रूप से 39.28 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। यह संपत्ति वीरेंद्र कुमार राम और उनके परिवार के सदस्यों के हैं। जब्त संपत्तियों फार्म हाउस, फ्लैट, डुप्लेक्स बंगला, दिल्ली, जमशेदपुर और रांची में जमीन और करीब 36 लाख रुपये के सामूहिक बैलेंस वाले तीन बैंक खाते शामिल हैं। वीरेंद्र राम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 125 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। इसका खुलासा वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान हुआ था। छापेमारी में पता चला था कि उसने टेंडर कमीशन घोटाले में अकूत संपत्ति बनायी है। ईडी की ओर से बताया गया कि एसीबी जमशेदपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को टेंडर आवंटित करने के एवज में उनसे कमीशन के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। इस प्रकार अवैध आय का उपयोग वीरेंद्र कुमार राम और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा बहुत ही शानदार जीवन शैली जीने के लिए किया जाता था। ईडी ने बताया कि इससे पहले भारत के विभिन्न शहरों में वीरेंद्र कुमार राम से संबंधित 30 परिसरों में छापेमारी की थी। इस दौरान विभिन्न आपत्तिजनक साक्ष्य पाए गए और जब्त किए गए थे।

## मौसम की मार

## सुबह आठ बजे के बाद से ही लोग घरों में कैद होने को मजबूर

# पूरे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी, जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल टीम/एजेंसियां। रांची/नई दिल्ली**

अभी अप्रैल का महीना खत्म भी नहीं हुआ है कि भगवान सूर्यदेव ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह आठ बजे के बाद ही गर्मी इतनी तेज हो जा रही कि लोग घरों में कैद होने पर विवश हो जा रहे हैं। आसमान से आग बरस रहा है। रांची समेत पूरे झारखंड में लोग तपिश से बेहाल हैं। जन-जीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। लू के थपेड़ों ने लोगों को हलकान कर रखा है। दिन के 11 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। भूगर्भ का जलस्तर लगातार नीचे जजा रहा है। अधिकतर चापानलों में पानी नहीं निकल रहा है। खूंटी जिले की तजना दी को छोड़ दें तो कारो, छाता, बनई, चेंगरझोर सहित तमाम नदियां सूख चुकी हैं। इससे जलापूर्ति तो बाधित हो ही रही है, पशु-पक्षी भी अपना हलक तर करने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।



**देसी फ्रीज की मांग बढ़ी :** प्रचंड गर्मी के कारण लोग ढंडा पानी के लिए देसी फ्रीज(मिट्टी का घड़ा) की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। चढ़ते पारे और गर्मी के टूटते रिकॉर्ड के बीच ठंडा पानी और शीतल पेया के लिए मिट्टी के घड़ों के घड़ों के साथ ही फ्रीज और अन्य उपकरणों की खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि आजकल शहर हो देहात सभी जगह बिजली की सुविधा उपलब्ध है। इसके कारण लगभग सभी घरों में फ्रीज उपलब्ध है, लेकिन मिट्टी के घड़ों की मांग कम नहीं हुई है। बाजार में उपलब्ध डिजायनदार सुराही और घड़े लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

**स्कूल बच्चों को हो रही है परेशानी :** प्रचंड गर्मी से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। अधिकांश स्कूलों में कक्षाएं सुबह सात से 11 बजे तक संचालित हो रही है। दिन कें 11 बजे छुट्टी मिलने के बाद प्रचंड धूप में बच्चों को साइकिल या पैदल घर लौटना पड़ता है। इसकें कारण उन्हें चिलचिलाती धूप में काफी परेशानी होती है।

**अप्रैल में ही मई-जून जैसी गर्मी :** राज्य में बढ़ती गर्मी के बीच मौसम ने अप्रैल महीने में ही मई और जून की गर्मी का एहसास करा दिया है। राजधानी रांची सहित 17 जिलों का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। संताल परगना में सबसे अधिक गर्मी पड़ रही है। यहां के तीन जिलों गोड्डा, देवघर और पाकुड़ का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अप्रैल महीने में ही गरम हवा के थपेड़े ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है और कई वर्षों बाद अप्रैल में ऐसी तपिश शेष पृष्ठ 11 पर

### सुबह 11 बजे के बाद बाहर निकलने से बचें : डॉ राजन चौधरी

प्रचंड गर्मी से बचने के लिए तोरपा के दियांकेल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि और मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी बताते हैं कि दोपहर 11 से तीन बजे के बीच बाहर निकलने से बचें और हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। उन्होंने कहा कि अपना सिर ढंक कर रखें औंर कपड़े की टोपी और छाता का प्रयोग करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और प्यास न लगने पर भी डिहाइड्रेशन से बचने के लिए लगातार पेय पदार्थ का प्रयोग करें।

### भीषण 'लू' की वजह से प. बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में स्कूल बंद

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह लगातार चौथा दिन है जब अधिकतम तापमान दिल्ली में 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। देशभर में पारा तेजी से ऊपर जा रहा है। प्रचंड गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के कारण लू की स्थिति बनी हुई है। इस वजह से कई राज्यों में स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया गया है। त्रिपुरा सरकार ने भीषण लू की स्थिति को देखते हुए 23 अप्रैल तक सभी स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की है। पश्चिम बंगाल में भी शनिवार तक सभी स्कूल बंद रहेंगे। इधर मेघालय के शिलांग में भी 21 अप्रैल तक स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में पांच लोग घायल


**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में अलग-अलग गांवों में हुए मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के घोड़बंधा गांव में रास्ता को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हुए हैं। इसमें एक पक्ष के सत्यनारायण यादव और दूसरे पक्ष की सविता देवी व राजू कुमार का नाम शामिल हैं। जबकि दूसरी घटना दंगवार ओपी क्षेत्र में हुई है। यहां दंगवार गांव निवासी रनधीर सिंह और प्रिंस सिंह घर के सामने से रात में ट्रैक्टर ले जाने को लेकर उत्पन्न विवाद में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसमें रनधीर सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जबकि अन्य लोगों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### विधायक की पहल पर मिला 200 केवीए का ट्रांसफार्मर



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के माली मोहल्ला, चिकटोली का ट्रांसफार्मर जल गया था। इसकी सूचना स्थानीय विधायक कमलेश कुमार को फोन के माध्यम से प्राप्त हुई । उन्होंने तत्काल 12 घंटे के अन्दर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया। विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देश दिया की मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान चल रहा है। उसमें रोजा रखते हैं, भूखे रहते है, इबादत करते है और इस भीषण गर्मी में बिजली का होना बहुत महत्वपूर्ण है। मोहल्ले वासियों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर मिर्जा इस्लाम, नन्हे हुसैन, जीशान हसन, सहजादे हुसैन, समरुल हुसैन, मिंटू राईन, रहमान राइन, महताब हुसैन इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# लाभुक ऋण माफी योजना का लाभ उठायें : कनीय अभियंता



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** झारखंड सरकार के तरफ से बिजली विभाग में एक मुश्त माफी योजना चलाया जा रहा है। जिसके तहत घरेलू,शहरी व सिंचाई आदि के बिजली उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा सकते है। बिश्रामपुर बिजली विभाग के कनिय अभियंता अभिषेक कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार के तरफ से ओडीएस स्कीम लॉन्च किया गया है जिसके तहत वन टाइम सेटलमेंट यानि, एक मुसत ऋण माफी योजना चलाई जा रही है। जिसमे बिजली उपभोक्ताओ का ऋण पूर्णतः माफ किया जा रहा है। वहीं अभियंता श्री कुमार ने ऋण माफी के उपरांत सभी बिजली उपभोक्ताओं को अपने घर व संस्थान में मीटर लगाना अनिवार्य बताया है। उन्होंने कहा अगर बिना मीटर किसी भी घर में बिजली जलाई जाती है तो वह पूर्णतः अवैध माना जायेगा।

### पैथ लैब का हुआ उद्घाटन

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के अररूआ खुर्द पंचायत भवन के पास स्थित कमल कंपलेक्स में बुधवार को हरिहरगंज पैथ लैब का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेश कुमार तथा युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि इस लैब के खुल जाने से शहरवासियों को फायदा होगा। संचालक राजू कुमार ने बताया कि हरिहरगंज में अत्याधुनिक तरीके से टी3, टी4, टीएसएच की रिपोर्ट मात्र 3 घंटे में उपलब्ध होगी।

# देवी मंदिर कमेटी का पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर वार्ड-2 स्थित सैदाबाद गांव में अशोक प्रसाद गुप्ता के आवास के समीप देवी मंदिर जीर्णोद्धार कमेटी के पुर्नगठन के लिए आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उदय साव ने की। बैठक में देवी मंदिर जीर्णोद्धार कमिटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण व चारदीवारी निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मचन सिंह, राजगीर प्रसाद, श्रवण राम, गोविंद प्रसाद, करमु साव, अजय गुप्ता, सुदेश्वर राम, जगरनाथ प्रसाद, मुनि साव, बिंदु शर्मा, गोबिंद साव, नंदू विश्वकर्मा को संरक्षक, वार्ड पार्षद सोनी देवी को अध्यक्ष, दिनेश कुमार गुप्ता को सचिव, रामलाल साव को उप सचिव, गीता देवी व दिलीप गुप्ता को उपाध्यक्ष, सूडो कुमार व सुनील गुप्ता को कोषाध्यक्ष, नंदन कुमार को मीडिया प्रभारी ,अजित कुमार गुप्ता व सोनू गुप्ता को व्यवस्थापक बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश सिंह, रामजी साव, कपिल शर्मा, कृष्णा साव, बीरेंद्र साव, भदई साव,भोला शर्मा, उपेंद्र शर्मा, राजेश्वरी साव, कुंडल साह, बिजय मुन्ना, अशोक साव, पंकज शर्मा, चंदन कुमार, रवि कुमार गुप्ता, बबलू शर्मा, शशि गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, सकेश विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, रवि शंकर, गणेश साव, गामा पासवान, अंशु गुप्ता, देव कुमार बोस, धीरज कुमार, बिकास सिंह को बनाया गया। इस मौके पर सुषमा देवी, रंजू देवी, समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रशिक्षु आईएएस ने सरकारी चापाकल को अतिक्रमण मुक्त करने का दिया निर्देश

**वैसे व्यक्ति जो सरकरी चापाकल में अपना निजी मोटर लगाकर पानी निकाल रहे हैं वे लोग जल्द ही अतिक्रमण मुक्त करें : प्रशिक्षु आइएएस**



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड में पानी की बढ़ते हुए समस्या को देखते हुए प्रभारी सीओ सह प्रशिक्षु आइएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निर्देशित किया है कि वैसे व्यक्ति जो सरकरी चापाकल में अपना निजी मोटर लगाकर पानी निकाल रहे हैं या सार्वजनिक स्थल पर लगे चापाकल तथा जल मीनार को अपने कब्जे में कर लिया हो, वे जितना जल्द हो सके सभी सरकारी चापाकलो को अतिक्रमण मुक्त करें। अन्यथा वैसे लोगो को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रशिक्षु आइएएस ने मौके पर कहा कि क्षेत्र से प्रायः ऐसी शिकायत सुनने को मिल रही है कि लोग सरकरी चापाकल को अपने कब्जे में करके या तो उसका पार्ट्स निकालकर उसमें निजी मोटर लगा रखे हैं या फिर सार्वजनिक चापाकल को अपने कब्जे में कर लिए हैं। जो कानूनन अपराध है। इसलिए कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत कर के कानून अपने हाथ में नहीं लें।अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# हाइवा के धक्के से बाइक चालक की मौत, सवार घायल

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव के नजदीक एनएच 98 पर बुधवार को हाइवा ट्रक के धक्के से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत बाइक चालक युवक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के लंगुराहा गोसाईंडीह गांव निवासी जयप्रकाश यादव तथा घायल की पहचान छतरपुर के ही भरवाडीह गांव निवासी प्रवेश यादव के रूप में हुई है। मृतक और घायल युवक रिशते में साले और बहनोई बताये जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ही बाइक से दोनों साले और बहनोई हरिहरगंज से छतरपुर की ओर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार पीछे से जा रहे हाइवा जेएच 13एफ 4104 ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रिशते में साले जयप्रकाश यादव की मौके पर ही मौत हो गई तथा गंभीर रूप से घायल बहनोई प्रवेश यादव को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भेज दिया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। वहीं सूचना के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह सदलबल घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया।

### सुरक्षा बीमा योजना के लाभुक को मिला दो लाख का चेक

**पाटन।** बीमा दावा निपटारा को लेकर जेआरजीबी किशनपुर के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार द्वारा प्रमिला देवी पति प्रेमचंद्र प्रजापति ग्राम किशनपुर को पीएमएसबीवाई योजना के तहत बीमा दावा का लाभ दो लाख चेक के माध्यम से उनके बचत खाता में ट्रांसफर किया गया। रौशनी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से 12 रुपए का इंश्योरेंस करायी थी। उनके पति की मृत्यु अगस्त 2021 को कुआं में गिरने से हुई थी। जिसका बीमा दावा निपटारा करते हुए जेआरजीबी ब्रांच किशुनपुर शाखा द्वारा नॉमिनी को प्रावधान के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में प्रतीकात्मक दो लाख की सहायता राशि दिया गया। शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसे बचत खाता के माध्यम से इंश्योरेंस किया जाता है। जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए। इस मौके पर सहायक शाखा लेखापाल मोहित कुमार, नवनीत कुमार, जेएसपीएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, सैकड़ों दीदी उपस्थित हुए।

# पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति सदस्यों कि मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख शोभा देवी ने किया। संचालन कॉर्डिनेटर अमित चौबे ने किया। बैठक में उपस्थित प्रशिक्षु आईएएस अंचलाधिकारी बिसुपते श्रीकांत यशवंत, बीडीओ मनोज तिवारी ने प्रखंड जनप्रतिनिधियों से पंचायत में चल रहे योजना क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पंचायत में ग्रामसभा की योजना पारित कर पोर्टल पर चढ़ायी जाये। सिरमा पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र दुबे ने सरकार द्वारा चलायी गई योजना के बारे में जानकारी ली। सगुना के मुखिया ने आवेदन दिया है कि नवादा पंचायत भवन अतिक्रमण में है, किशनपुर मुखिया सुमन गुप्ता ने किशनपुर मेन बाजार रोड में अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशिक्षु आईएएस से अपनी बात रखी। किशुनपुर पंचायत समिति सदस्य मोनरंजन गिरि ने कहा कि किशनपुर में लगाया हुआ 22 लाख का आरो प्लांट सुचारु रुप से चालू नहीं है। पेयजल की समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षु आईएएस के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पेयजल समस्या दुरुस्त की जायेगी। पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि एक ही आदमी के दो बिजली का कनेक्शन चालू है। प्रमुख शोभा देवी ने बताया कि कई नरेगा भेंडर का रॉयल्टी बकाया हुआ है। इसको लेकर बीडीओ ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी। प्रशिक्षु आईएस सह अंचलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि किशुनपुर बाजार क्षेत्र के रोड पर अतिक्रमण मुक्त करायें तथा घनी बस्ती के पास डिवाइडर लगायें। मौके पर उपस्थित उपप्रमुख, सीडीपीओ, आवास कोऑर्डिनेटर, मुखिया, नवा जयपुर थाना प्रभारी, पाटन थाना प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पेयजल विभाग, कृषि विभाग, के कर्मी सहित पंचायत समिति सदस्य, समेत प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## विधायक ने की पानी की व्यवस्था

**नावा बाजार संवादाता:**नावा बजार प्रखंड में पानी की घोर किल्लत हो गई है। आम जनता को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा पानी किल्लत को देखते हुए घनी अबादी वाली जगह पर मशीन के द्वारा बोर कराया जा रह है । इस बोर के माध्यम से आम जनता को पानी की समस्या से निजात दिलाया जाये गा। श्री चंद्रवंशी प्रखंड के मंडल अध्यक्ष को पूर्ण रूप से जवाबदेही देते हुए बोले कि क्षेत्र की जनता को पानी को लेकर जो भी समस्या है उसे किसी भी रूप में पूर्ण किया जाए। अकाल की स्थिति बनी हुई है जानवर भी पानी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। इस कड़ी में जगह जगह पर आहर की खुदाई की जा रही है। जिससे जानवर को भी पानी पीने को मिल सके। वही ग्रामीण जनता के पीने के लिए हर पंचायत में डीप बोरिंग करवा कर झरना लगवा रहे हैं।

## वृद्धा ने बंद पेंशन चालू कराने की मांग की

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावडीह, बोहिता, घुटवा, रेआरातु पंचायत के नौ गरीब विधवा ,वृद्ध ने करीब चार माह से बंद हो गये पेंशन को चालू करने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी से की। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकिशोर प्रसाद ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्दी ही पेंशन चालू कराने का काम करूंगा। इसकेनिरैणी कुंअर उम्र 89 ,कुन्ती देवी, चन्द्रवाती देवी, राजमती कुअंर, बसंती कुअंर, दुखनी देवी, युगेश्वर यादव सभी का उम्र 68 वर्ष ऊपर ने पांकी विधायक सतबरवा प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक यादव, संदीप यादव के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिल कर पेंशन चालू करने की गुहार लगाई।

## जमीन कब्जा की नियत से 15 लोगों ने एक परिवार पर किया हमला



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के उसुर्ला गांव में आज जमीन पर कब्जा कर के नियत से लगभग 15 लोगो ने गांव के ही अशोक कुमार पासवान व उसके परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान हमलवारों ने 50 से भी ज्यादा हरे इमारती पेड़ काट दियें। झोपड़ीनुमा एक होटल भी गिरा दिया। इस संबंध में अशोक पासवान ने रेहला थाना में प्राथमिकी हेतु आवेदन भी दिया है। आवेदन में अशोक पासवान ने कहा है कि उसुर्ला गांव में हमारा पुस्तैनी जमीन है.जिसपर पेड़-पौधा लगाया था। वहीं पर एक झोपड़ी लगा कर होटल चलता था। जमीन पर कब्जा करने की नीयत से गांव के ही सुदामा पासवान,सुनील पासवान,असरफी पासवान,अरुण पासवान,जवाहर पासवान,सुदर्शन पासवान,मनोज पासवान,गोल्डन पासवान,परमेंद्र पासवान,लवकुश कुमार,महेंद्र पासवान सहित लगभग 15 लोगो ने एकाएक लाठी-डंडे के साथ हमला कर दिया।जैसे तैसे जान बच कर हम अपने घर मे घुस गये।जिसके बाद उक्त सभी लोगो ने मेरा 50 से ऊपर इमारती पेड़ काट दिया।झोपड़ीनुमा होटल गिरा दिया।अशोक पासवान ने बताया कि यह मेरा पुस्तैनी जमीन है। जिसपर उक्त लोग जबरन कब्जा करना चाहते है। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**शपथ पत्र**

मैं मो० जुल्फीकार, पिता दोस्त मो० अंसारी ग्राम+पो०-अरसली उतरी, थाना- भवनाथपुर, जिला गढ़वा, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे अन्य कागजात में भूलवश मेरा नाम मो० जुल्फीकार की जगह जुल्फकार अली हो गया है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम मो० जुल्फीकार है। जो सत्य है।

**शपथ पत्र संख्या : V1 155 17/4/2023**

## हाईवा हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना अंतर्गत बिरजा मोड़ के समीप मंगलवार की रात्रि में हाईवा अनियंत्रित होकर रोड से खाई में चला गयी। जिससे हाईवा के अगले चक्के की धूरी टूट कर अलग हो गयी। ग्रामिणो के बताए अनुसार चालक बाल बाल बच गया, हालांकि हाईवा चालक मौके का फायदा उठाकर हाईवा छोड़कर फरार हो गया। सुबह होते हीं दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने लगी थी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अति अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07RI/2022–23/EE/RWD/DALTONGANJ

PR NO.- 290164 RURAL WORK DEPARTMENT (22-23) _D

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आइडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /08/2022-23 | प्रखंड–विश्रामपुर, पंचायत–सिगसिगी, ग्राम–सिगसिगी में मुख्य पथ से अस्पताल तक पीसीसी पथ निर्माण । | 17.095 लाख | सतरह दसमलव शून्य नौ पांच लाख रूपये मात्र | 03 माह | तृतीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 22.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 28.04.2023 up to 5.00 PM
4. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, पलामू के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 29.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 01.05.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903448085
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के पक्ष में भुगतेय, जो लौटाया नहीं जायेगा । विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 295512 Rural Work Department(23-24)D

# पीएम आवास योजना लाभुकों पर कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत में प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने के बाद से ही आवंटित पीएम आवास योजना का काम नहीं करने वाले 5 लाभुकों के विरूद्ध सर्टिफिकेट दायर किया गया है। इस संबंध में जानक प्रखंड समन्वयक (आवास) बीरबल कुमार रवि ने बताया कि पंचायत सचिव रामनंदन मेहता से मिली की रिपोर्ट के आधार पर इस पंचायत के दिलीप ठाकुर, सीताराम ठाकुर (धवलपुरा), कलावती देवी (रानीदेवा), सुदर्शन राम (अधौरा) और राणाडीह गांव के ललिता देवी के विरूद्ध सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई की गई है। इनमें दिलीप ठाकुर को इस योजना मद की प्रथम किस्त में 26,000 जबकि शेष सभी को 40-40,000 रुपए आवंटित किया गया था। जिन्होंने न तो काम शुरू किया और न ही 3 नोटिस देने के बाद भी राशि की वापसी की। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा ने अंचल अधिकारी सह नीलाम पत्र पदाधिकारी यशवंत नायक को इस मामले में सर्टिफिकेट केस दायर कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.-02 गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/ GARHWA/20/2023-24 PR 292543 Rural Development (22-23)#D द्वारा प्रकाशित निविदा में निम्नांकित आंशिक संशोधन किया जाता है :–

1. गढ़वा जिला के रंका प्रखण्ड में ग्राम–उदयपुर में उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य के स्थान पर गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड के ग्राम–उदयपुर में उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य पढ़ा जाय।
2. गढ़वा जिला के रंका प्रखण्ड में ग्राम–चपकली में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य के स्थान पर गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड के ग्राम–चपकली में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02,गढ़वा

PR 295452 Rural Development(23-24).D

# सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के ढकचा मोड़ से बारा मोड़ तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एस एस कंस्ट्रक्शन द्वारा बन रहे करीब 6 किलोमीटर पीसीसी व कालीकरण सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ऐसा आरोप लगाते हुए ग्रामीण सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे और संवेदक व अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया। राजद के पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, जिला प्रधान महासचिव सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, छात्र जिलाध्यक्ष आनंद यदुवंशी, डॉ. भीष्म नारायण सिंह, अक्षय कुमार सिंह, मुखिया जीतू भारती, पंसस शत्रुघ्न साव, वार्ड सदस्य ललेंद्र भुईयां, दीपक यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर घटिया सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़क निर्माण में खराब सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा है। बिना पदाधिकारियों और बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ही संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। इस दौरान नारेबाजी करते हुए ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। वही राजेंद्र यादव ने बताया कि सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत करने पर कार्य देख रेख कर रहे सोहेल खान ने फोन पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है। वही इस संबंध में कार्य की देखरेख कर रहे सोहेल खान ने बताया कि आरोप मनगढ़ंत व बेबुनियाद है। इस मौके पर उप मुखिया संदीप पटेल, वकील सिंह, रविंद्र यादव, पिंटू सिंह, कमलेश सिंह, मनोज पटेल, अवधेश यादव, ललन यादव, संदीप राम, दिनेश यादव, जनेश्वर भारती, तपेश्वर चंद्रवंश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**जिला खनन कार्यालय, गढ़वा**

**(आम सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त, गढ़वा के आदेश दिनांक 18.04.2023 के द्वारा श्री ब्रम्हदेव प्रसाद पिता शिवशंकर प्रसाद वार्ड नं0 03, मझिऑव मोड़, ऊँचरी, पो0+थाना+ जिला– गढ़वा को मेसर्स JSMDCL रॉंची के M.D.O चयन प्रक्रिया में आमंत्रित वितीय निविदा के शर्तों का उल्लंघन करने तथा अवैध खनिज ब्यापार में संलिप्तता के आरोप में M.D.O के लिये आगामी वितीय निविदाओं से वंचित करते हुए काली सूची में दर्ज किया गया है।

PR 295449Mines and Geology(23-24)#D

सहायक खनन पदाधिकारी,
गढ़वा

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता शिला देवी उम्र-26 वर्ष)**



नगर उँटारी थाना दैनिकी सनहा सं0–16/023, दिनांक–03.04.2023 में लापता शिला देवी , उम्र–26 वर्ष, साथ में एक बच्चा प्रिंस कुमार उम्र– 03 वर्ष, पति चन्द्रकिशोर राम, सा0–बंशीधर मुहल्ला थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–03.04.2023 को अपने घर से लापता हैं। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता शिला देवी उम्र–26 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग गोरी,
लम्बाई– लगभग 5 फीट
पहनावा– गुलाबी कलर का साडी
भाषा– हिन्दी, सीनीय

PR 295490 Police (23-24)_D

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

NEWS इन ब्रीफ

## प्रभात ने मंत्री से मुलाकात की



**मेदिनीनगर।** झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल पत्रलेख से प्रभात कुमार अग्रवाल, निदेशक, झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की शिष्टाचार मुलाकात हुई।

## पलामू में नियोजन नीति को लेकर आंशिक बंदी

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार के द्वारा बनाए गए नियोजन नीति के विरोध में झारखंड स्टेट यूनियन के द्वारा तीन दिवसीय आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई थी। जिसमें बुधवार को पलामू सहित झारखंड बंद का आवाहन किया गया था। पलामू में भी बंदी का आंशिक असर दिखा। सुबह से ही नियोजन नीति के विरोध में नियोजन नीति विरोधी मोर्चा के युवाओं ने रेड़मा चौक,छहमुहान, अबादगंज में विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद युवाओं की टोली सभी शिक्षण संस्थान को बंद करवाने के लिए निकल पड़ी। हालांकि बंदी का कोई ज्यादा बड़ा असर नहीं दिखा। बाजार की लगभग दुकानें खुली रहीं। सड़कों पर भी लोगो की आवाजाही बनी रही ।वहीं बसों का भी संचालन भी कुछ कम कुछ अधिक बना रहा।

## एम.के डी.ए.वी परिवार ने मनाई महात्मा हंसराज की जयंती

**मेदिनीनगर।** डी.ए.वी. प्रबंध कर्ता समिति नई दिल्ली के प्रधान,आर्य रत्न, पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जे.पी.सूर के आशीष की छत्रछाया में संचालित एम. के. डी.ए.वी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में डी.ए.वी के संस्थापक महात्मा हंसराज जी क ी 160 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अजय कुमार उपाध्याय एवं आलोक कुमार वरिष्ठ शिक्षक ने महात्मा जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया । शिक्षक द्वय ने हंसराज जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए डी.ए.वी. संस्थानों को उनका जीवन्त स्मारक बताया। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय ने बताया कि आर्य समाज के सिद्धांत एवं आदर्श देश के बच्चों के अंदर स्थानांतरित हो सके। इस हेतु इन विद्यालयों की स्थापना की गई। हंसराज जी ने अवैतनिक प्राचार्य के रूप में 25 वर्षो तक सेवा देते हुए इन विद्यालयों की एक श्रृंखला खड़ी की। आज पूरे देश में 946 विद्यालय जिसमें अभियांत्रिकी महाविद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय सम्मिलित हैं व देश के विकास में योगदान दे रहे हैं।

# बेदानी मोड़ अब भगवान परशुराम चौक के नाम से जाना जायेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बेदानी मोड़ का भगवान परशुराम चौक के रुप में बुधवार को नामाकरण किया गया। युवा वाहिनी के सौजन्य से कराए गए नामाकरण समारोह में समाजसेवी बागेश्वर पांडेय व अन्य ग्रामिणों ने नारीयल फोड़ कर भगवान परशुराम चौक का नामाकरण किया। इसके पूर्व ग्रामिणों की राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से बेदानी मोड़ को भगवान परशुराम चौक के रुप में नामांकित करने का निर्णय लिया गयाा। बैठक में कहा गया कि बहुत जल्द ही भगवान परशुराम चौक पर भव्य स्मारक बनाया जाएगा। बैठक में 22 अप्रैल को डालटनगंज में भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। नामाकरण समारोह में उपमुखिया प्रवीण पांडेय, आलोक पांडेय, अमीत पांडेय, दिनेश पांडेय, छोटू पांडेय, मुकेश पांडेय, संजीत पांडेय, उज्जवल पांडेय, परितोष पांडेय, मनीष पांडेय व प्रवीण पांडेय सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# रोजेदारों के बीच इफ्तार सामग्री का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रमजान का महीना पवित्र महीना होता है। रोजेदार अल्लाह ताला के करीब होते हैं ।उक्त बातें पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कही । वे बुधवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ व व्यवहार न्यायालय में रोजेदारों के बीच इफ्तार समाग्री के वितरण के दौरान बोल रहे थे । उन्होंने मुस्लिम भाइयों के बीच इफ्तार समाग्री का वितरण किया व ईद की अग्रिम बधाई दी । उन्होंने कहा कि हमारा देश हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई क ी एकता की मिसाल है। यहां गंगा-जमुनी संस्कृति देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि एक माह तक मुस्लिम धर्मावलंबी रोजे रखकर देश और समाज की बरकत की दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबों को भी रोजेदारों की खैरियत का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमसबों को मिलकर समाज व देश के हित में काम करने की जरूरत है। इस मौके पर उन्होंने अधिवक्ता औरंगजेब खान, शौकत अली खान, खुर्शीद अहमद, जावेद अख्तर ,अनीस अहमद ,जमाल जी समेत सभी अधिवक्ताओं , न्यायालय कर्मी को ईद की अग्रिम बधाई दी व इफ्तार सामग्री प्रदान की।

# जूनियर डॉक्टर वाक इन इंटरव्यू में 13 डॉक्टर चयनित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के अधीक्षक कार्यालय गोलघर में बुधवार को जूनियर डॉक्टर वाक इंटरव्यू में 13 डॉक्टरों को चयन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.धर्मेंद्र कुमार एवं अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह की उपस्थिति में की गई। अध्यक्षों द्वारा चुने गए डॉक्टरों की सूची इस प्रकार है। चुने गए चिकित्सक निम्न विभागों में कार्य करेंगे। मेडिसिन विभाग में डॉक्टर हर्षिता शांदिलिया, डॉक्टर संतोष कुमार सिंह,सर्जरी विभाग में डॉक्टर विजया परिणा,डॉक्टर प्रीति प्रिया सिन्हा आई विभाग में डॉक्टर डेविड अरविंद मिंज,डॉक्टर नीलू कुमारी ईएंटी विभाग में डॉक्टर अमन कुमार,डॉक्टर वंदना कुमारी गायनी विभाग में डॉक्टर चर्चिल बौज लाड डी, टीबी एंड चेस्ट विभाग डॉक्टर अंजली कुमारी, चर्म रोग विभाग डॉक्टर अमित कुमार हड्डी विभाग डॉक्टर जयराम सिंह, डॉक्टर स्नेहल हर्ष सिन्हा मनोचिकित्सा केंद्र विभाग में डॉक्टर शक्तिकांत सुमन चयनित किये गये हैं।

## घायल व्यक्ति को पुलिस जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवा टीकर चौक के पास एक अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में सड़क पर जा रहा था। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया। इसके बाद पेट्रोलिंग पीसीआर दो के हवलदार बागुन खंडैत और चालक मोहम्मद अंसारी की नजर घायल व्यक्ति पर पड़ा। उन्होंने तुरंत पीसीआर वाहन रोककर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद घायल की स्थिति खतरे से बाहर है।

# जय भारत सत्याग्रह को लेकर पदयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 19 अप्रैल 2023 को दूसरी कड़ी में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं असंगठित कामगार कर्मचारी जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस भवन मैदान से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भीषण गर्मी में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हॉस्पिटल चौक, छह मुहान चौक होते हुए समाहरणालय तक पदयात्रा करके समाहरणालय का घेराव किये। कांग्रेसीयों ने केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध जमकर नारे लगाये। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया। इस मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ाई होगी हम सब कांग्रेसी एवं देश की जनता सविधान बचाने के लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। आने वाला समय चुनौतियों से भरा होगा।

# जिला प्रशासन ने चलाया सदर अस्पताल की जमीन पर अतिक्रमण हटाओ अभियान

### लोगों ने कहा कि 'भगवान की खातिर घर छोड़ देते तो क्या हो जाता'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल रेड क्रॉस के पीछे मंगलवार को जिला प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान सदर सीओ जेके मिश्रा, वर्तमान थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे। बताते चलें कि जिला प्रशासन के द्वारा सदर अस्पताल की जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से रहने वाले लोगों को छह महीना पहले ही जगह खाली करने को लेकर नोटिस दे दी गई थी। इसके अलावा दो दिन पहले भी रविवार को अवैध घर खाली करने के लिए इन्हें नोटिस दी गयी थी। इसके बावजूद लोग जिला प्रशासन की बातों को अनदेखा कर अतिक्रमण कर घर में रह रहे थे। मंगलवार को अचानक जेसीबी मशीन को देखकर यहां पर रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। बेघर हुए लोगों ने अतिक्रमण हटाने आए लोगों से कहा कि 'भगवान के खातिर घर छोड़ देते तो क्या हो जाता। हम लोग यहां 25 वर्षों से रह रहे हैं अचानक घर खाली हो जाने पर हम लोग कहां जाएंगे।' इसके बावजूद जिला प्रशासन के कर्मियों के द्वारा एक भी नहीं सुनी गयी और लोगों के घर को उजाड़ दिया गया। भुक्तभोगीयो ने कहा कि 'यहां कई लोग ऐसे है जो सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर जमीन का कागज बनवा कर आराम से यहां रह रहे हैं, यदि जमीन सरकारी है तो लोग इसका कागज कैसे बनवा लिए। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री आवास भी इन्हें मिला हुआ है।' बेघर हुए लोगों में से सदर अस्पताल में कोई झाड़ू मारता है,तो कोई मरीजों के बेड का चादर धोने का काम करता है।वही बेघर हुए लोगों ने जिला प्रशासन से स्थाई जगह की मांग की है। वहीं इनके मांग पर जिला प्रशासन के लोग इनका नाम पता लिख कर ले गए है। जिला प्रशासन के द्वारा यह भी कहा गया है कि यदि कहीं जमीन खाली मिलती है तो यहां से उजाडे गए लोगों को बसाया जाएगा। जिन लोगों को सरकारी जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया था। उन में फरीदा बीबी पति मुबारक हवारी, सुनिता देवी पति संयोग राम, अकाश राम पिता हीरालाल, कलका देवी पति राजेश राम, लल्लू राम उर्फ सुरेश राम पिता द्वारिका राम, रितिक राज पिता बब्लू राज,सोनी देवी पति पिन्टु कुमार ,ओम मिस्त्री पिता भगेडू साव, डा० पीएल० पाण्डेय, पॉली क्लिनीक के नाम शामिल हैं।



## जग देखने जा रहे युवक के साथ मारपीट

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर पथरा निवासी बंशीधर महतो के पुत्र योगेंद्र महतो को गांव के ही तीन लड़कों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार योगेंद्र महतो मंगलवार की रात 9:00 बजे अपने घर से मझीगावा जग देखने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में गांव के ही कुछ लड़के बलजीत कुमार,मिथलेश चौरसिया,अखिलेश चौरसिया ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस मारपीट के संबंध में घायल योगेंद्र महतो के पिता बंशीधर महतो ने बताया कि कुछ विवाद को लेकर पहले भी मेरे बेटे को इन लोगों के द्वारा मारपीट किया गया था।





खगोलीय परिघटना

## आज लगेगा सूर्य ग्रहण

# 100 साल बाद दिखेगा अद्भुत नजारा

### सूर्य ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है

### ग्रहण का सबसे ज्यादा प्रभाव मेष राशि के जातकों पर दिखाई देगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** साल 2023 का पहला सूर्य ग्रहण आज लगने वाला है। गुरुवार की सुबह 07:05 से शुरू होकर सूर्य ग्रहण दोपहर 12:29 पर खत्म होगा। सूर्य ग्रहण बेहद खास माना जा रहा है क्योंकि 19 साल बाद मेष राशि में सूर्य ग्रहण लगने वाला है। साथ ही साथ यह सूर्य ग्रहण तीन रूपों, आंशिक, पूर्ण और कुंडलाकार में दिखेगा। 100 साल बाद ऐसा संयोग बना है। जब एक ही दिन में तीन तरह के सूर्य ग्रहण दिखेंगे। साल का पहला सूर्य ग्रहण 5 घंटे 24 मिनट का होगा। सूर्य ग्रहण का शुभ और अशुभ प्रभाव पूरे देश-दुनिया पर पड़ता है। सूर्य ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है। जहां सूर्य ग्रहण का प्रभाव नहीं होता वहां सूतक काल भी मान्य नहीं रहता है। कल लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। ऐसे में इस दौरान मंदिर के कपाट बंद नहीं होंगे और सभी धार्मिक कार्य किए जा सकेंगे। साल का पहला सूर्य ग्रहण इसलिए खास माना जा रहा है क्योंकि यह मेष राशि में और अश्विनी नक्षत्र में लग रहा है। ग्रहण का सबसे ज्यादा प्रभाव मेष राशि के जातकों पर दिखाई देगा।

**कहाँ दिखेगा सूर्य ग्रहण:** सूर्य ग्रहण भारत को छोड़ कंबोडिया, चीन, अमेरिका, माइक्रोनेशिया, मलेशिया, फिजी, जापान, समोआ, सोलोमन, बरूनी, सिंगापुर, थाईलैंड, अंटार्कटिका, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण हिंद महासागर, दक्षिण प्रशांत सागर, और न्यूजीलैंड में देखा जा सकेगा।

**रिंग ऑफ फायर क्या है :** जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा एक ही कतार में होते हैं तब पृथ्वी का एक भाग पूरी तरह से अंधेरे में डूब जाता है। इस स्थिति को पूर्ण सूर्य ग्रहण कहा जाता है। आंशिक, पूर्ण और कुंडलाकार सूर्य ग्रहण का मिश्रण ही हाइब्रिड सूर्यग्रहण कहलाता है। ऐसी स्थिति लगभग 100 साल में एक बार देखने को मिलती है। इस सूर्यग्रहण के दौरान चंद्रमा की धरती से ना तो ज्यादा दूरी होती है और ना ही कम होती है। इस सूर्यग्रहण के दौरान सूरज कुछ सेकंड के लिए रिंग जैसी आकृति बना लेता है। जिसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है।

**12 घंटे पहले लगता है सूतक :** हिन्दू मान्यता के मुताबिक सूर्य ग्रहण के बारह घंटे पहले सूतक काल शुरू होता है। सूतक काल में शुभ काम करने की मनाही होती है। लिहाजा भगवान की पूजा नहीं होती और मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। हालांकि साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। हालांकि ग्रहण के दौरान सूर्य मेष राशि में होंगे। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन वैशाख माह की अमावस्या तिथि भी है। ऐसे में माना जा रहा है कि भले ही ग्रहण भारत में ना दिखाई दें लेकिन कुछ राशियों पर उसका असर जरूर पड़ सकता है।

# जिला उपायुक्त ने बूढ़ा पहाड़ का दौरा किया, ग्रामीणों के बीच पोषाहार का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़ (गढ़वा)**

गढ़वा जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार बुधवार को जिले के अन्य पदाधिकारियों के साथ बूढ़ा पहाड़ का दौरा कर वहां की स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने बूढ़ा गांव सहित झाऊलडेरा, तुमेरा, तुरेर आदि गांवों के ग्रामीणों के बीच पोषक आहार का वितरण किया। वहां से लौटने के बाद स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में बड़गड़ व भंडरिया प्रखंड के सभी पदाधिकारी कर्मी व जनप्रतिनिधियों के साथ बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं अन्य विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से पोटो हो खेल मैदान, मनरेगा, पेयजल, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्र प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार सिडिंग आदि की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि बच्चों के बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिये खेल मैदान जरूरी है। पैसे की कोई कमी नहीं है। आप सभी जनप्रतिनिधि आगे आकर खेल मैदान का निर्माण करायें। जहां मैदान निमार्णाधीन हैं वहां आवश्यक रूप से चेंजिंग रूम व टायलेट निर्माण पुर्ण करायें।

भंडरिया की फकीराडीह पंचायत में मनरेगा की सबसे अधिक योजना पेंडिंग रहने पर पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने दोनों प्रखंडों की दीदी बाड़ी योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में ग्रामीण विकास विभाग की योजना में हम काफी पीछे चल रहे हैं। इसे गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के ये तीन महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं। लोगों को तत्काल रोजगार उपलब्ध करायें ताकि उनके हाथ में कुछ पैसा हो सके। उन्होंने कहा कि जिले भर में पंचायत सचिवालय को एक्टिवेट करना है ताकि स्थानीय स्तर पर जरूरमंदों के कार्य का निष्पादन बिना



परेशानी के हो सके। सप्ताह में दो दिन मुखिया व अन्य कर्मी पंचायत भवन में जरूर बैठें। उन्होंने बिजली विभाग के एग्जूक्यूटिव इंजीनियर को जिले की सभी पंचायत सचिवालयों में बिजली पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा जॉब कार्ड का आधार सिडिंग कार्य में तेजी लाने का निर्देश पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को दिया। भंडारिया व बड़गड़ प्रखंड में पीएम आवास की स्थिति ठीक नहीं रहने पर उसे जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ की कड़े शब्दों में कहा कि जो भी लाभुक आवास पूरा नहीं करा रहे हैं उन्हें अन्य दूसरी सरकारी योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि जहां काम नहीं हो रहा वहां के स्वयंसेवक को तत्काल कार्यमुक्त करें। उन्होंने पेयजल व स्वच्छता विभाग के अभियंता को खराब पड़े जलमीनार व चापाकल को चालू करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध कराने को कहा।

स्वास्थ्य विभाग कि समिक्षा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय किशोर रजक को निर्देश दिया कि प्राथमीक स्वास्थ्य केंद्र बड़गड़ में प्रतिनियुक्त डॉक्टर रामाशीष चौधरी नियमित रूप से सेंटर में रह कर मरीजों का इलाज करें इस पर निगरानी करें। उन्होंने कहा कि मुसहर परिवार का आधार कार्ड बन रहा है। उन्हें भूमि आवास सहित अन्य लाभ उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर सूखा राहत का पैसा किसानों को भुगतान करने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया। साथ ही बड़गड़ प्रखंड में अंचल कार्यालय के लिये सरकार को लिखने की बात कही। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा अपर समाहर्ता पंकज सिंह पीएचडी, अभियंता पीएचडी प्रदीप कुमार, मुख्य अभियंता बिजली विभाग ब्रजेश कुमार बरुआ, डायरेक्टर डीआरडीए डॉ. दीनेश सुरीन, ग्रामीण विकास विभाग मुख्य अभियंता, समाज कल्याण पदाधिकारी, बड़गड़ बीडीओ विपान कुमार भारती, अंचलाधिकारी मदन महली, प्रमुख शांती देवी, उपप्रमुख दीपिका खलखो, जिप सदस्य रूपांजली जायसवाल, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, विधयक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, भंडारिया प्रमुख रूपमणि देवी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, बड़गड़ मुखिया मोनीका कच्छप, परसवार मुखिया जंगलपति लकड़ा, टेहरी मुखिया विनको टोप्पो, भंडारिया मुखिया विनय सिंह, प्रधान सहायक बिरेंद्र माझी, बीपीओ हाशीम अंसारी, सहायक अभियंता विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### धुरकी पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा



**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने बुधवार को ग्राम कदवा निवासी निरज पासवान पिता उमेश पासवान को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि कांड संख्या 28/21 धारा 147/148/149/307 एवं 27 आर्म्स एक्ट के वांछित वारंटी था। नीरज बहुत दिनों से फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस की तलाश थी। उसके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं।

### बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय में 20 अप्रैल को प्रखंड के सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक का एक दिवसीय प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाहन से होगा। यह जानकारी प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन ने दी।

## खरौंदी का कस्तुरबा आवासीय विद्यालय प्रबंधन बच्चियों को डाल रहा खतरे में

# छात्राओं से फेंकवाया जा रहा जूठन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

प्रखंड के सिसरी में स्थित कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षा अधिकार कानून की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। यहां विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से भोजन का बचा हुआ जूठा अवशेष फेंकवाया जा रहा है। विद्यालय में रह रही छात्राएं कक्षा संचालन अवधि में भोजन का बचा हुआ जूठा अवशेष फेंकने के लिए विद्यालय से लगभग 200 मीटर दूर आई थीं, जो तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसमें दो छात्राएं टाई और स्कूल ड्रेस पहने बड़ी प्लास्टिक की बाल्टी में बचे हुए भोजन को भरकर विद्यालय कैंपस से बाहर फेंक रही हैं। बाल शिक्षा अधिकार कानून में बच्चों से शारीरिक श्रम करवाने की स्पष्ट मनाही है। लेकिन खरौंधी विद्यालय इसे नहीं मानता। तभी तो छात्राओं से टाई और स्कूल ड्रेस में ही भोजन का अवशेष फेंकवाया जा रहा है।



**खरौंधी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से बाहर जूठन फेंकतीं विद्यालय की छात्राएं। यह घटना शिक्षा के अधिकार कानून का हनन भी है। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों कार्रवाई की मांग की है।**

कस्तूरबा गांधी विद्यालय प्रबंधन छात्राओं से शारीरिक श्रम अथवा भोजन के बचे हुए जुठे अवशेष फेंकवाकर न केवल छात्राओं के अधिकारों का हनन कर रहा है बल्कि छात्राओं की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा है। सरकार द्वारा छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का ऊंचा और बड़ा बाउंड्री वॉल के बीच में विद्यालय भवन सह आवासीय परिसर की व्यवस्था की है। साथ ही मुख्य गेट पर सुरक्षा प्रहरी को नियुक्त किया गया है। विद्यालय में किसी का भी अनाधिकार प्रवेश वर्जित होता है। छात्राएं भी अनावश्यक इस कैंपस से बाहर नहीं निकल सकतीं। खरौंधी का कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिसरी गांव की बस्ती से दूर पहाड़ी के एकदम तलहटी में अवस्थित है। जंगल-पहाड़ के एकदम तलहटी में बने इस कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का जूठन फेंकने के लिए विद्यालय कैंपस से बाहर आना सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सही नहीं है।

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय खरौंधी में छात्राओं द्वारा जूठा भोजन फेंकने की घटना से जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं से जूठा भोजन बाहर फेंकवाना शर्मनाक है। घने जंगल के समीप होने के बाद भी छात्राओं का इस तरह विद्यालय से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में विद्यालय प्रबंधन के कृत्य से वे छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मामले में विद्यालय की जवाबदेही तय करते हुए संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही कहा कि मामले में जल्द ही उपायुक्त से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस मामले में पूछे जाने पर वार्डन किरण कच्छप कुछ भी बोलने से बचती रही। इस संबंध में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने कहा छात्राओं से जूठा फेंकवाया जाना गलत है। अभी हम विभागीय ट्रेनिंग में रांची में हैं। वहां से आते ही विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच करेंगे और निश्चित रूप से दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी :** जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति ने कहा किसी भी परिस्थिति में विद्यालय संचालन अवधि में छात्राओं को अनावश्यक रूप से विद्यालय कैंपस से बाहर नहीं निकलना है। अगर इस तरह का मामला है तो वह इसकी जांच करेंगी और कार्रवाई करेंगी।


## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक.......................खूँटी, दिनांक.......................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0 04 के दतिया ओपन जिम अधिष्ठान हेतु सामग्री की आवश्यकता है। ओपन जिम अधिष्ठान हेतु दिनांक 28.04.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक अधिकृत विक्रेता/ आपूर्तिकर्त्ता/ निर्माताओं से निम्नांकित शर्त्तों पर दर निविदा मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त दर निविदा (EOI) दिनांक 28.04.2023 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा (EOI) समर्पित करने वाले के प्रोपराईटर/प्राधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र0 | सामान विवरणी | दर प्रति अदद |
|---|---|---|
| 1 | Chin up bar | |
| 2 | Integrated Fitness Machine | |
| 3 | Roman Ring | |
| 4 | Solder Exercise Wheel | |
| 5 | Single Position Body Rider | |
| 6 | Parallel Bars | |
| 7 | Air Strider | |
| 8 | Cross Trainer | |
| 9 | Twister with sit up board | |
| 10 | Air walker | |

नोटः– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 295535 (Urban Development)23-24*D



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**आम सूचना, (2nd Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 02.05.2023 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 02.05.2023 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 295499Urban Development(23-24)#D


# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं ईद का त्योहार

## थाना प्रभारी ने ईद पर्व लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

ईद उल फितर की नमाज को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बुधवार को थाना प्रभारी नीतिश कुमार सिंह ने बैठक की। थाना प्रभारी ने ईद उल फितर आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातारण में मनाने की अपील की।

उन्होंने नमाज पढ़ने के दौरान मस्जिद व ईदगाह में विडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों की ओर से अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाने की सूचना मिले तो सबसे पहले थाना को सूचना दें ताकि उस पर उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी को किसी प्रकार की समस्या हो तो 8825272690नंबर पर संपर्क कर सूचना दें। उन्होंने कहा कि ईद उल फितर



नमाज के दौरान मस्जिद एवं ईदगाह पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

मौके पर पूर्व सदर तस्लीम खान, सरपरस्त शमीम खान, नरही सदर नसीर अंसारी, महमूद आलम सीनियर, फिरदौस आलम जूनियर, वार्ड पार्षद शकील अहमद गुलु, मेराजुद्दीन खान, सुहैल आलम, बाबू आलम, हुलहुला इसहाक अंसारी, कुशदंड बीडीसी प्रतिनिधि व सदर जमील अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

# कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के 8 वें दिन तीन मैचों का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के आठवें दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच भवनाथपुर प्रशासन एवं भवनाथपुर पत्रकार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर भवनाथपुर पत्रकार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 54 रन बनाए। वहीं भवनाथपुर प्रशासन की टीम ने 8 ओवर में 2 विकेट खोकर 55 रन बना कर दर्ज की। मैन ऑफ द मैच प्रशासन टीम के श्री बंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद केशरी को दिया गया। दूसरा मैच अधौरा क्रिकेट क्लब और केजीएन नगर उटारी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। अधौरा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 141 रन बनाए। वहीं केजीएन नगर उटारी टीम 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 85 रन ही बना पाए। मैंन ऑफ द मैच अधौरा टीम के वैश को दिया गया। तीसरा मैच बोदार क्रिकेट क्लब एवं लंगडी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बोदार टीम 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 51 रन ही बना पाई। वहीं लंगडी टीम ने 4 ओवर में ही एक विकेट खोकर 54 रन बना कर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच लंगडी टीम के मिंटू कुमार को दिया गया। अंपायर चंचल कुमार एवं पंकज विश्वकर्मा ने निभाई।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर।

**अतिअल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0 निविदा संख्या–01/2023-24/RDD/NREP/PALAMAU**

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टीफिकेश्न संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम+पंचायत–पांकी में रांची मुख्य मार्ग से प्रखण्ड कार्यालय, पांकी तक पी0सी0सी0 पथ नर्माण। | पांकी | 42.910 | 86000.00 | 5000.00 | 3माह मात्र | 01/2023-24/ EE/RDD/NREP/ PALAMU |
| 2 | ग्राम–नगवां, पंचायत–मझिगांवा में पुरानकुआं से मझिगांवा सिवान समुद्री मोड, तक पी0सी0सी पथ एवं नाली निर्माण। | चैनपुर | 21.418 | 44000.00 | 5000.00 | 3माह मात्र | 02/2023-24/ EE/RDD/NREP/ PALAMU |
| 3 | ग्राम+पंचायत–बड़े पुर जपलादंगवार मुख्य पथ से बड़ेपुर ग्राम तक पी0सी0सी0 पथनिर्माण। | हुसैनाबाद | 24.953 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 03/2023-24/ EE/RDD/NREP/ PALAMU |
| 4 | ग्राम–पांकी, पंचायत–पांकीपूर्वी में मुख्य पथ से लोचन प्रसाद के घरतक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पांकी | 22.161 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2023-24/ EE/RDD/NREP/ PALAMU |
| 5 | ग्राम शिवपुर में पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | चैनपुर | 24.935 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 05/2023-24/ EE/RDD/NREP/ PALAMU |
| 6 | ग्राम+पंचायत–हौलेया में पीपरा मेन रोड से मुनी सिंह इंटर कॉलेज तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलियानिर्माण। | पीपरा | 21.204 | 44000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 06/2023-24/ EE/RDD/NREP/ PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–20.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–28.04.2023 up to 5.00 PM बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :–29.04.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–02.05.2023 पूर्वाहण 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनी नगर, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
8. निविदा शुल्कः–किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration (uptodate) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.295486 NREP(23-24):D


## अव्यवस्था — लिखित शिकायत के बावजूद समस्या बरकरार

# दूषित पानी पीने को विवश स्कूली बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड की मुकुंदपुर पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुर में चापानल खराब हो जाने से विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए पेयजल एवं मध्यान भोजन बनाने के लिए 200 मीटर दूर एक कुएं से दुषित पानी भरकर लाया जा रहा है, जिससे मध्यान भोजन बनता है।

विद्यालय के बच्चों को अपनी प्यास बुझाने के लिए तपती धूप में कुएं के समीप जाना पड़ता है। अभिभावक इन्हें कुएं से पानी निकालकर पिलाते है। विद्यालय प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले माह ही चापानल का जल स्तर नीचे चले जाने एवं खराब होने की शिकायत



लिखित में पदाधिकारियों और मुखिया को दी गई थी, परंतु एक माह बाद भी इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इसके कारण प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले 58 बच्चों के साथ-साथ हम सभी लोगों को भी पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार, राहुल कुमार, पीयूष कुमार, खुशी कुमारी, किरण कुमारी ने बताया कि विद्यालय में चापाकल खराब होने से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि के खिलाफ अभिभवकों में काफी रोष है।

इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य शम्भु साह ने कहा कि विद्यालय में पानी कीगंभीर समस्या है। स्थानीय मुखिया मूंगा साह एवं बीडीओ को लिखित शिकायत की गई है, लेकिन एक माह के बाद भी पेयजल की समस्या दूर नहीं हुई है। इसके कारण कुएं से पानी लाकर मध्यान भोजन बनाया जाता है।

### थाना प्रभारी ने किया पनशाला का उद्घाटन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सब्जी मंडी के समीप राम जानकी अखाड़ा परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों व आस-पास के लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि के रूप में अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, स्थानीय थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से पनशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राम जानकी अखाड़ा अध्यक्ष युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी मारुतनंदन सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सोनी सचिव टुकु कमलापुरी, बंटी मलाकर, संजय सोनी जितेंद्र पाठक दीपक माली उज्जवल कुमार मनीष कुमार पुरुषोत्तम कोल्हापुरी सनी चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।



NEWS इन ब्रीफ

## सदर अस्पताल में अग्निशमन विभाग ने किया मॉक ड्रिल



**लोहरदगा।** घरेलू, व्यवसायिक समेत सार्वजनिक स्थानों पर आए दिन आग लगने की घटनाओं में होने वाले जानमाल की क्षति को सूझबूझ और तकनीक से सहज नियंत्रित करने को लेकर बुधवार को सदर अस्पताल परिसर में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल कर अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से सदर अस्पताल के डॉक्टर, नर्स, हेल्थ वर्कर समेत शहर के जागरूक नागरिकों को आग लगने पर इसे सहज नियंत्रित कर घटना को टालने के संदर्भ में तकनीक बताया गया। एलपीजी के उपयोग के दौरान होने वाले आग लगने की घटनाओं को तत्काल उपलब्ध संसाधनों ङ्क तकनीक से नियंत्रित करने का अभ्यास कराया गया।

## नाबालिक से यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** विवाह का झांसा देकर लंबे समय तक नाबालिक युवती से शारीरिक शोषण करने के आरोप में महिला थाना की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के नगड़ी गांव निवासी तुरका उरांव का 26 वर्षीय पुत्र चंद्रदेव उरांव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के ग्रामीण इलाके के रहने वाले युवती आरोपी के प्रेम जाल में आ गयी। आरोपी प्रेमी साइकिल में कपड़ा व घरेलू उपयोग का सामान फेरी लगाकर गांव-गांव बेचता था।फेरी का सामान बेचने के दौरान पीड़ित युवती उसके प्रेम जाल में आ गई। बताया गया कि, जब युवती प्रेमी चंद्रदेव उरांव पर विवाह करने का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। इसके बाद प्रेमी युवती से मिलने से कतराने लगा। विवश होकर पीड़िता ने आरोपी चंद्रदेव उरांव के विरुद्ध महिला थाना कांड संख्या 11/2023 दर्ज कराया।

## सहायक अध्यापक संघ ने लगाया प्रमुख पर भेदभाव का आरोप

**भंडरा।** सहायक अध्यापक संघ भंडरा की बैठक बीआरसी भवन के समक्ष अंथोनी मिंज के अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने कहा कि सहायक अध्यापकों के वेतनमान ईपीएफ से जोड़ने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु एकजुट होना होगा। भंडरा प्रखंड के प्रमुख बरिया देवी के द्वारा जिस तरह से अनुशंसा करने में भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया गया वे उनकी ओछी मानसिकता को दशार्ता है। बैठक में अंबिका प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के बाद सभा का समापन किया। बैठक में बनेश्वर उरांव, राज किशोर नाथ शाहदेव, बालों कुमारी, संतोषी,लक्ष्मी कुमारी, प्रमिला कुमारी भगत, जलेसर, रामकृत यादव, प्रेम, सुधीर कुमार, प्रेम सुकरा, मंगरा, रतिया आदि ने भाग लिया।

# ईद को लेकर की गई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

ईद को लेकर सदर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बीडीओ अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद मनाने का निर्णय हुआ। बीडीओ ने कहा कि ईद पर्व को लेकर विशेष पुलिस एवं प्रशासन सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में बारीकी से नजर रखेगी। ईदगाह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, सहित शांति समिति के सभी सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भाईचारा के साथ मनाएं ईद का त्योहार

**सेन्हा-लोहरदगा।** ईद को लेकर थाना परिसर में अंचलाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक हुई। बैठक में त्योहार को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की बात कहीं गई। बताया गया कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु, सेन्हा, अरू बांध टोली और उगरा का ईदगाह में ईद की नमाज अदाकी जाएगी। बाकी जगहों पर मस्जिद में नमाज पढ़ी जायेगी। विधि व्यवस्था को शांति व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया।

# लोहरदगा में डेढ़ लाख बच्चे खाएंगे कृमि मुक्ति दवा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर गुरुवार को शहर के थाना रोड स्थित राजकीय बालिका मध्य विद्यालय के बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने के अभियान की शुरुआत की जाएगी। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहीं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग संयुक्त रूप से बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमी से मुक्ति दिलाने का अभियान चलाएगा। लोहरदगा जिले में 1 लाख 56 हजार 559 बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कृमि मुक्ति में तीन विभागों के संयुक्त अभियान की सफलता के लिए ठोस प्रबंध किए गए हैं। प्रारंभिक दौर में सरकारी और निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाने के लिए हेल्थ वर्कर घर घर जाएंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि बच्चों को कृमि से मुक्ति देकर स्कूलों में 25 प्रतिशत तक बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की परिकल्पना है।



01 से 19 वर्ष के बच्चों को दवा उम्र के हिसाब से दी जाएगी। इसके लिए हेल्थ वर्कर, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। सिविल सर्जन ने कहा प्रारंभिक दौर में लोहरदगा सीएचसी के तहत शहरी और ग्रामीण इलाकों के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। प्रेस वार्ता के मौके पर हेल्थ विभाग के क्षेत्रीय समन्वयक राजेश कुमार शर्मा, डीपीएम नाजिश अख्तर मौजूद थे।

## सिमडेगा में कृमिनाशक दवा खिलाने का अभियान आज से चलाया जाएगा

**सिमडेगा।** सिमडेगा में गुरुवार से कृमि मुक्ति को लेकर दवा खिलाने का विशेष अभियान की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. पदम प्रकाश शाह ने बताया कि जिले में 20 अप्रैल से 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि मुक्ति के लिए दवा खिलाई जाएगी और इसको लेकर जिले के 496 आंगनबाड़ियों तथा 242 सरकारी और निजी विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। इसके लिए तीन प्रखंड कोलेबिरा, जलडेगा एवं सिमडेगा सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि 142884 बच्चों को यह दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी सेविका, स्कूल के शिक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित विशेष टीम कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 25 तारीख को विशेष अभियान एक बार पुनः चलाकर छूटे हुए बच्चों को उक्त दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह दवा चबाकर खानी है। छोटे बच्चों को आधी दवा दी जाएगी।

## जनजीवन रही सामान्य, नहीं चलीं सिमडेगा से यात्री बसें

# नियोजन नीति को लेकर आदिवासी छात्रों का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आदिवासी छात्र संघ की ओर से खतियान आधारित नियोजन नीति की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड बंद बुलाया गया। इसको लेकर सिमडेगा में भी सड़क पर उतरकर आदिवासी छात्र संघ द्वारा प्रदर्शन करते हुए लोगों को दुकान बंद करने को लेकर अपील की गई। इस दौरान झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही सिमडेगा के दोनों विधायक के खिलाफ भी नारेबाजी की गई।




आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे अधिकारों का हनन किया जा रहा है। झारखंड में जो नियोजन नीति 60-40 के तहत बनाई गई है वह कतई स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत स्थानीय कौन है? इसकी भी अभी तक पूरी तरह से पहचान नहीं कराई गई है। इसके अलावा 40 प्रतिशत की छूट दी गई है ऑल इंडिया लेवल के लिए। इसमें बाहरी लोग आकर यहां पर नौकरी कर रहे हैं और यहां के लोगों का हक मारा जा रहा है। झारखंड पढ़े-लिखे युवाओं को मुर्गी पालने की बात कही जाती है। सिमडेगा में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और भाजपा कभी भी छात्रों के हित की बात नहीं करते हैं। छात्रों द्वारा वर्तमान सरकार को गद्दी पर बैठाया गया है तो आने वाले दिनों में इसे सत्ता से बाहर भी किया जाएगा। इसके बाद छात्र संघ द्वारा सड़क पर बैठकर सड़क को जाम कर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा छात्रों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इसके बावजूद छात्र संघ द्वारा नहीं माने और लंबे समय तक गाड़ियों की लाइन लगी रही। अंततः थाना प्रभारी ने सभी को सिमडेगा थाना में डिटेन किया। इसके बाद वहां पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के पश्चात सभी छात्रों को पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया। इधर आदिवासी छात्र संघ द्वारा बुलाए गए झारखंड बंद को लेकर सिमडेगा में आंशिक असर देखने को मिला। सामान्य तौर पर प्रतिदिन खुलने वाली सभी प्रकार की दुकानें खुली रहीं एवं दैनिक गतिविधियां भी पूरी तरह से संचालित रही। हालांकि सिमडेगा बस स्टैंड से रांची एवं अन्य जगहों के लिए खुलने वाली बसों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी। बसों के पहिया थमे रहे और बस स्टैंड में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा।

### बंद को लेकर मुस्तैद रही सिमडेगा पुलिस

ईधर झारखंड बंद को लेकर सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही। थाना क्षेत्रों में बारीकी से गति करते हुए क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी गतिविधियों पर नजर रखा गया। खासकर, सिमडेगा मुख्यालय के आसपास के क्षेत्रों में चौक चौराहे पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि किसी प्रकार की कोई भी बंद के दौरान उपद्रव ना हो। शांतिपूर्ण तरीके से छात्र अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सकें।

## मुखिया पर अवैध राशि निकलने का आरोप

**कुडू।** ब्लॉक की सलगी पंचायत की मुखिया सुमित्रा कुमारी पर पंचायत सचिव छेदु उरांव ने 14वें वित्त आयोग की राशि का अवैध निकासी करने का गंभीर आरोप लगाया है। 18 अप्रैल को उपायुक्त लोहरदगा को दिए अपने आवेदन में पंचायत सचिव ने बताया है कि पंचायत सचिव एवं कार्यकारिणी समिति को बिना जानकारी दिये ही 14वें वित्त आयोग के तीन किस्तों में कुल 139825 रुपये की अवैध निकासी करने और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का पैसा भी मुखिया पति के निजी खाते में भेजवाने का गंभीर आरोप लगाते हुए जांच और सलगी मुखिया पर उचित कारवाई करने की मांग की है। पंचायत समिति बाबूलाल उरांव के हस्ताक्षरयुक्त डीसी को दिए आवेदन में आगे बताया गया है कि पंचायत सचिव एवं कार्यकारिणी समिति को बिना जानकारी दिये अवैध रूप से निकासी कर लिया गया और इसका कोई भी रिकार्ड नहीं रखा गया है। इस विषय पर पुछने पर उसे कोई जानकारी नहीं दी गई और कहा गया कि इस राशि का संचालन मुखिया खुद अपने तरीके से करेंगी। इसमें किसी की सहमति की आवश्यकता नहीं है। पंचायत सचिव ने लिखा है कि मुखिया पति बिरेन्द्र भगत, जो स्वयंसेवक का काम करते हैं, उन्हें ठेकेदार बना दिया गया है और उन्हीं के खाते से सरकारी राशि का संचालन होता है। मुखिया और मुखिया पति के इस रवैये से आम जनता काफी परेशान है।

# लोहरदगा में 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार आगामी 13 मई को लगने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर लोहरदगा सिविल कोर्ट में तैयारी जोरों पर है। बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं अन्य न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक की। इसमें सीजेएम श्री चंदन, वरीय कोटि जज अर्चना कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, एसडीजेएम राज कल्याण, न्यायिक दंडाधिकारी एस एन तिग्गा शामिल हुए। वर्ष के द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु योजनाबद्ध तरीके से काम करने को लेकर सभी को दिशा निर्देश भी जारी किए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि 13 मई के पहले पक्षकार अपने-अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए संबंधित कोर्ट और जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर प्री सिटिंग की सुविधा भी पक्षकारों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस नेशनल लोक अदालत में सिविल प्रवृत्ति के सभी मामले, बैंक, बिजली, अन्य अपराधिक मामले, पारिवारिक मामले, भरण-पोषण, श्रम विभाग आदि से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन विभाग, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामलों के साथ-साथ अन्य मामलों से संबंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य मामले भी काफी सरल तरीके से समाप्त किए जाएंगे। सभी कोर्ट के द्वारा रिकॉर्ड को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस लोक अदालत का लाभ मिल सके इसके लिए कार्य किए जा रहे हैं।

# डीएवी स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एमबी डीएवी, विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के तत्वावधान में महात्मा हंसराज जयंती मनाई गई। 19वीं शताब्दी के अंत में जिन्होंने शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में सर्वाधिक कार्य किया उनमें महात्मा हंसराज का नाम बहुत ऊंचे स्थान पर है। उन्होंने डीएवी शिक्षा संस्थानों की स्थापना करने के साथ-साथ अछूतोद्धार क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया। उन्होंने अपना सारा जीवन ही शिक्षा और समाज सुधार हेतु अर्पित कर दिया। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक श्रवण पाठक ने भजन प्रस्तुत किया। छात्रा अश्मिता गौतम, वैभव कुमार, ऋषभ सिंह तथा मुस्कान कुमारी ने महात्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। शिक्षक यूसी दास ने भी हंसराज के जीवन आदर्शों से अवगत करवाया।

## मवेशी नहलाने गये वृद्ध की डैम में डूबने से मौत

**भंडरा /लोहरदगा।** प्रखंड के नंदनी डैम में डूबने से एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर गांव में मातम पसर गया। घटना बुधवार सुबह आठ बजे की है। जानकारी के अनुसार कचमची गांव के स्व मंगला महतो के 70 वर्षीय पुत्र अनु महतो अपने भैसो को नहलाने के लिए नंदनी डैम गया था । मवेशियों को नहलाने के क्रम मे अनु महतो गहरे पानी की ओर चला गया और इसी कारण वह डैम मे डूब गया । गांव के लोग डैम के किनारे पहुंचते, तब तक काफी देर हो चुकी थी। लोगों ने मिलजुल कर वृद्ध अनु के शव को पानी से बाहर निकाला। बता दें कि अनु महतो अत्यंत ही गरीब हैं। वह खेती बाड़ी कर अपना गुजर बसर करते था।

# विधायक ने किया ग्राम सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

प्रखंड के पाईकपारा पंचायत अंतर्गत फागूटोली में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 2.7 किमी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सड़क बनने से लोगों को काफी लाभ होगा। सड़क निर्माण की मांग बहुत पुरानी थी। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या के मद्देनजर उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य विकास के मामले में काफी पीछे है। राज्य गठन के बाद अधिकांश समय तक



भाजपा का शासन रहा, जिससे विकास अवरुद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की और भी कई सड़कें हैं जिन्हें दुरुस्त कराई जाएगी और नई सड़कें बनाई जाएगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष, अशफाक आलम, जमीर अहमद, जमीर हासन, प्रिंस कुमार, जॉन लकड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रूद्र महायज्ञ में आहुति डालने पहुंचे सांसद

**भंडरा।** शहीद पांडे गणपत राय के जन्म स्थल भौरो में आयोजित पाँच कुंडत्मक शिव शक्ति रुद्र महा यज्ञ सह शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा में स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। यज्ञ के पांचवें दिन मानव कल्याण के लिए चल रहे रुद्र महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह आदि उपस्थित रहे।



## गठन | कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ कमेटी का विस्तार

# संतोष व जयनाथ को बड़ी जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ का गठन करते हुए कमेटी का विस्तार किया है। कमेटी में नए व पुराने चेहरों को जगह दी गई है। इसके तहत रांची निवासी अभिलाष साहू को स्टेट चेयरमैन बनाया गया है। वहीं लोहरदगा कोईरी मुहल्ला निवासी भरत महतो के पुत्र संतोष कुमार महतो को स्टेट कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। वहीं सेन्हा निवासी जयनाथ साहू को लोहरदगा जिले का चेयरमैन बनाया गया है।

संतोष महतो कांग्रेस के एनएसयूआई विंग में डेढ़ दशक पूर्व में जॉइन किए थे। सबसे पहले वे एनएसयूआई के बीएस कॉलेज अध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी संभाली थी। इसके बाद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के पद पर भी कार्य किया। उन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कई बार प्रखंड का प्रभारी नियुक्त किया गया था। उनके ओबीसी प्रकोष्ठ के स्टेट





कोऑर्डिनेटर बनने पर जिला कांग्रेस में हर्ष व उल्लास का माहौल है। उन्हें हर तरफ से बधाई व शुभकामनाएं मिल रही है।

बधाई देने वालो में सूबे के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उराव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, प्रदेश डेलीगेट लाल अजय नाथ शाहदेव, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, नेसार अहमद, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, पेशरार जिप सदस्य रूबी कुमारी, किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, जबारुल अंसारी, संदीप मिश्रा, ओमप्रकाश लक्की, रामाधार पाठक, शेखर भगत, दिनेश गुप्ता, शम्भु प्रजापति, जगदीप भगत, शामूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, डोमना उरांव, सदरुल अंसारी, आजाद अंसारी, अनीश खान, रविन्द्र सिंह खेरवार, बिनोद सिंह खेरवार, जुगल उरांव अनिल उरांव, प्रकाश उरांव,, प्रदीप विश्वकर्मा, दीपक महतो, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, जियाउल अंसारी, इंतेखाफ अंसारी, देवनाथ उराव, विनय उरांव, सुशीला देवी, अमृता भगत, बीरमत भगत, संजय नायक, सत्यदेव भगत, शमीम अंसारी, हरिदास उराव, सुशील उराव, अनवर अंसारी, सुजीत प्रजापति, सुजीत साहू, विकास कुमार, राहुल कुमार, अजय महतो, बिनय महतो, अभय महतो, राजेश महतो सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता शामिल है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी औ? संगठन मजबूत होगा।

## 'मिशन 2024 में कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित'

**किस्को/लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता आगामी लोकसभा और विधान सभा चुनाव में पार्टी की मजबूती और जीत का परचम लहराने लिए अभी से ही तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार को जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद ने किस्को प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर पार्टी कार्यकताओं से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि मिशन 2024 में कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित है। बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, मंडल अध्यक्ष जयवंत कुजूर व सभी पंचायत के अध्यक्ष व कार्यकताओं को पार्टी हित में कार्य करते हुए संगठन की मजबूती को लेकर जोश भरने का कार्य किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव सामुल अंसारी, जिला सचिव मुस्ताक अनवर , मंडल अध्यक्ष जयवंत कुजूर, परहेपाट पंचायत अध्यक्ष कबीर अंसारी, बेटहट पंचायत अध्यक्ष मनीष कुजूर, कालदेव उरांव आदि मौजूद थे।

# जय भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेस ने किया समाहरणालय का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा कांग्रेस कमेटी द्वारा जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिमडेगा समाहरणालय के समीप समर नाले का घेराव करने के साथ जनसभा का आयोजन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी गरीबों की आवाज बनकर संसद में लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आवाज उठाने का काम कर रहे थे लेकिन उनकी आवाज को दबाने के लिए षड्यंत्र के तहत उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई। राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से जन-जन को या कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए आयोजन किया है।



कार्यक्रम में 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी, मो समी आलम, समरोम पॉल टोपनो, कौशल किशोर रोहिल्ला, नोमिता बा, शांतिबाला केरकेट्टा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, जिला उपाध्यक्ष जोनसन मिंज, शिशिर मिंज,कृष्णा नाग, विरंजन बडा, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, अनूप लकड़ा, जमीर खान, नवीन वीरेन तिर्की, प्रतिमा कुजूर, खुशी राम कुमार, ललित मिंज, धानु कच्छप, मनीषा खलखो, विजय किंडो,विजय बड़ाईक,सचिन हेरेंज, गुड़िया अंजुम, सावधानी सोरेंग,ललित मिंज, रीता किड़ो, मुक्ता सोरेंग, सरिता किड़ो आदि उपस्थित थे।

# सरकारी इस्पात कंपनियों ने एमएसएमई का बकाया चुकाया



## वित्त वर्ष 2022-23 में एमएसएमई को 7,673.95 करोड़ रुपये का भुगतान किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनियों ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) उपक्रमों का बकाया चुका दिया है। इन कपंनियों ने वित्त वर्ष 2022-23 में विभिन्न एमएसएमई को 7,673.95 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह राशि वित्त वर्ष 2021-22 में एमएसएमई को चुकाई गई कुल 5,511.07 करोड़ रुपये की राशि से 39.3 फीसदी ज्यादा है। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने मार्च, 2023 में एमएसएमई को 876.10 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह सालाना आधार पर 38.1 फीसदी अधिक है, जबकि पिछले महीने की तुलना में 23.1 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने एमएसएमई को 7,673.95 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 39.3 फीसदी अधिक है। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सेल, एनएमडीसी, आरआईएनएल, केआईओसीएल, मॉयल, मेकॉन, एमएसटीसी और उसकी अनुषंगी एफएसएनएल शामिल हैं।


# टाटा अल्ट्रोज के सीएनजी वर्जन की बुकिंग शुरू




**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा मोटर्स ने आज प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट की अल्ट्रोज के सीएनजी वर्जन की बुकिंग शुरू कर दी है। इसे 21,000 में बुक किया जा सकता है। कंपनी ने अभी इस कार के प्राइस रिवील नहीं किए हैं। कार को मई में लॉन्च किया जा सकता है। अल्ट्रोज सीएनजी की सबसे खास बात ये है कि ये देश की पहली कार है, जो ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी के साथ आएगी। इस टेक्नोलॉजी में 60-लीटर की क्षमता वाला ट्विन-सिलेंडर टैंक सेटअप (30-30 लीटर के दो सिलेंडर) मिलेगा। इससे अल्ट्रोज में दूसरी सीएनजी कारों की तुलना में ज्यादा बूट स्पेस मिलेगा। कंपनी ने 17 अप्रैल को अल्ट्रोज सीएनजी का टीजर जारी किया था। कंपनी ने कार को ऑटो एक्सपो 2023 में शोकेस किया था। कार में 1.2 लीटर का पेट्रोल इंजन दिया गया है जो 84बीएचपी की पावर और 113एन का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं सीएनजी मोड पर ये इंजन 76बीएचपी और 97एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। इसके अलावा क्रूज कंट्रोल, हाइट एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, लेदर अपहोल्स्ट्री, प्रोजेक्टर हेडलैंप्स, एलइडी डीआरएल २, आर16 डुअल-टोन अलॉय व्हील्स, शार्क फिन एंटीना, ऑटो फोल्डिंग ओआरवीएम दिया जा सकता है।

# 10 हजार कर्मचारियों को निकालेगी मेटा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप की पेरेंट कंपनी मेटा 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। ये छंटनी मई महीने से शुरू होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी के टॉप ऑफिशियल्स ने मैनेजमेंट को नौकरी में कटौती की घोषणा करने की जानकारी दे दी है। मेटा में छंटनी का ये दूसरा राउंड है। मेटा ने पहले राउंड में 11 हजार कर्मचारियों को निकाला था, जो पूरी वर्कफोर्स का 13% था। कंपनी के 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी हुई थी। कर्मचारियों को निकालने का ऐलान कंपनी के उएड मार्क जुकरबर्ग ने किया था। उन्होंने इसकी वजह गलत फैसलों से रेवेन्यू में आई गिरावट को बताया था। जुकरबर्ग ने पिछले महीने ही छंटनी के संकेत दे दिए था। उन्होंने कहा था 10,000 लोगों को नौकरी से निकालने के बाद कंपनी में 5 हजार पोस्ट खाली रखी जाएंगी। जुकरबर्ग ने ये भी कहा था कि 'कंपनी की कमाई में गिरावट के लिए अमेरिका में बढ़ी ब्याज दरें और दुनिया में बढ़ी अस्थिरता जिम्मेदार हैं। पहले राउंड की छंटनी के दौरान मार्क ने कहा था, 'कोविड की शुरूआत में, दुनिया तेजी से ऑनलाइन हो गई और ई-कॉमर्स के बढ़ने से रेवेन्यू में इजाफा हुआ। कई लोगों ने प्रिडिक्ट किया कि यह बढ़ोतरी स्थायी होगी जो महामारी खत्म होने के बाद भी जारी रहेगी। मैंने भी यही सोचा, इसलिए मैंने अपने इन्वेस्टमेंट में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया। दुर्भाग्य से, यह मेरी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। न केवल ऑनलाइन कॉमर्स पहले के ट्रेंड पर लौट आया है, बल्कि मैक्रोइकोनॉमिक डाउनटर्न, कॉम्पिटिशन और कम विज्ञापन के कारण रेवेन्यू मेरी अपेक्षा से कम हो गया है। मुझसे ये गलती हुई और मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। इस नए माहौल में, हमें और अधिक पूंजी कुशल बनने की जरूरत है। हमने संसाधनों को हाई प्रायोरिटी ग्रोथ एरिया में शिफ्ट कर दिया है। अक डिस्कवरी इंजन, एडवर्टाइजमेंट और बिजनेस प्लेटफॉर्म और मेटावर्स के लिए हमारा लॉन्ग टर्म विजन है। हमने बिजनेस की लागत में कटौती की है, जिसमें बजट कम करना, भत्तों को कम करना और रियल एस्टेट फुट प्रिंट को कम करना शामिल है। हम अपनी एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए टीमों का पुनर्गठन कर रहे हैं। लेकिन ये उपाय अकेले हमारे खर्चों को हमारी रेवेन्यू ग्रोथ के अनुरूप नहीं लाएंगे, इसलिए मैंने लोगों को जाने देने का कठिन निर्णय भी लिया है।'सितंबर 2022 के अंत तक मेटा में 87,314 कर्मचारी थे।

# शेयर बाजार में गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**

आज यानी बुधवार (19 अप्रैल) को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 159 अंक की गिरावट के साथ 59,567 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 41 अंक लुढ़का है। यह 17,618 के स्तर पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 शेयरों में गिरावट और 9 में तेजी देखने को मिली है। आज अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 8 में गिरावट देखने को मिली है। अडाणी ट्रांसमिशन, टोटल गैस, ग्रीन एनर्जी और ठउ्ळश्र के शेयरों में 1-1% से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर फ्लैट बंद हुआ। अडाणी विल्मर के शेयर में आज 1.35% की तेजी रही। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने रणधीर ठाकुर को अपना चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर (उएड) और मैनेजिंग डायरेक्टर (टऊ) नियुक्त किया है। ठाकुर ने 5 साल से अधिक समय तक इंटेल के साथ काम किया है। इंटेल इलेक्ट्रॉनिक चिप और सर्किट बनाती है।कल यानी मंगलवार (18 अप्रैल) को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 183 अंक गिरकर 59,727 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 46 अंक लुढ़का। यह 17,660 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयरों में तेजी और 15 में गिरावट देखने को मिली थी।

# सैमसंग ने न्यूज ऐप लॉन्च किया

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

सैमसंग ने दैनिक ब्रीफिंग, न्यूज फीड और पॉडकास्ट के साथ अपना 'न्यूज' एप्लिकेशन लॉन्च किया है, ताकि उपयोगकताओं को विभिन्न प्रकार के प्रकाशनों से दैनिक समाचारों तक पहुंच प्रदान की जा सके। कंपनी ने ऐप को बीटा में लॉन्च किया था और इसे यूएस में यूजर्स के रिलीज किया जाएगा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में उत्पाद विकास के उपाध्यक्ष अवनेर रोनेन ने एक बयान में कहा, हमने सैमसंग न्यूज को गैलेक्सी यूजर्स को ब्रेकिंग और प्रीमियम न्यूज डिलीवर करने के लिए बनाया है। हमारा लक्ष्य उपयोगकताओं को उनके आदर्श समाचार अनुभव को क्यूरेट करने की सुविधा देकर उनका समर्थन करना है।र सैमसंग न्यूज शुरू में ब्लूमबर्ग मीडिया, सीएनएन, फॉर्च्यून, फॉक्स न्यूज, ग्लैमर, जीक्यू, हफपोस्ट, मनी, न्यूजवीक, न्यू यॉर्क पोस्ट, परेड, पोलिटिको, रिफाइनरी29, रॉयटर्स, सैलून, स्लेट, स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड, द डेली बीस्ट, द स्ट्रीट, यूएसए टुडे और वाइस सहित विभिन्न भागीदारों से




समाचार कंटेंट तक पहुंच प्रदान करेगा। कंपनी के अनुसार सैमसंग के सिंडिकेशन पार्टनर- अपडेट के माध्यम से अतिरिक्त समाचार स्त्रोत समय के साथ ऐप में जोड़े जाएंगे।

# नोकिया ने लाइटस्टॉर्म के साथ की साझेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेक दिग्गज नोकिया ने बुधवार को देश में ऑप्टिकल नेटवर्कि ग इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाता लाइटस्टॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की। नोकिया पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों में लाइटस्टॉर्म के नेटवर्क विस्तार के लिए लेटेस्ट डब्ल्यूडीएम ऑप्टिकल नेटवर्क समाधान की आपूर्ति करेगा। नोकिया में एंटरप्राइज, वेबस्केल और इमर्जिंग बिजनेस, भारत के प्रमुख विनिश बावा ने कहा, लाइटस्टॉर्म के साथ हमारी साझेदारी ऑप्टिकल नेटवर्कि ग में हमारे उद्योग-अग्रणी पोर्टफोलियो को प्रदर्शित करती है जो डिजिटल इंडिया विजन का अभिन्न अंग होगा। इस सौदे में नोकिया के लेटेस्ट सी प्लस एल बैंड डब्ल्यूडीएम ऑप्टिकल लाइन सिस्टम समाधानों को तैनात करने में लाइटस्टॉर्म की सहायता के लिए एकीकरण और परामर्श सेवाएं शामिल हैं, जो कई फाइबर कटौती की स्थिति में नेटवर्क मजबूती सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा सुविधाओं को भी सक्षम बनाता है।

## ऊर्जन क्लीनटेक का विस्तार

**रांची।** सौर ऊर्जा कंपनी, ऊर्जन क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में झारखंड में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। आइआइटाइन्स २ और बैंकरों द्वारा सह-स्थापित ऊर्जन, एक टेक्नोलॉजी सोलार कंपनी है। बहुत कम समय में, ऊर्जन ने 150 एमडब्ल्यूपी के सोलार प्रोजेक्टस की स्थापना की हैं और 18 से ज्यादा राज्यों में 3000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की हैं। सिस्टम को उच्च-गुणवत्ता वाली परफॉरमेंस देने के लिए डिजाइन किया जाता है जो आपके बिजली के बिल को कम करेगा। ऐसे आगामी रिन्यूएबल एनर्जी स्टार्ट-अप नए युग के आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक हैं। झारखंड सरकार वर्ष 2026 तक 4000 एमडब्ल्यूपी हासिल करने के अपने लक्ष्य के तहत लोगों और कॉरपोरेट्स को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो पारंपरिक स्त्रोतों की तुलना में कहीं अधिक किफायती और इकोफ्रैन्ड्ली है।

## वैश्विक स्मार्टफोन बाजार पहली तिमाही में 12 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्मार्टफोन बाजार ने 2023 की पहली तिमाही में लगातार पांचवीं तिमाही में 12 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) गिरावट का अनुभव किया। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मार्केट रिसच फर्म कैनालिस के अनुसार, तिमाही-दर-तिमाही सुधार दिखाने वाला सैमसंग एकमात्र प्रमुख निमार्ता था, जो 22 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर चढ़ गया। 2023 की पहली तिमाही में अपने आईफोन 14 प्रो सीरीज की मजबूत मांग के कारण सैमसंग के साथ अंतर को बंद करते हुए, एप्पल 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर आ गया। कैनालिस के विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, 2023 की पहली तिमाही में स्मार्टफोन बाजार की गिरावट पूरे उद्योग में उम्मीदों के अनुरूप थी। उन्होंने कहा, स्थानीय मैक्रोइकॉनॉमिक स्थितियां कई बाजारों में विक्रेताओं के निवेश और संचालन में बाधा बनी रहीं।

# विदेश

## नेपाल के राष्ट्रपति को इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर भारत लाया गया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को इलाज के लिए बुधवार को विमान से भारत लाया गया। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी है। कार्यालय के अनुसार, 13 मार्च को पदभार ग्रहण करने वाले 78 वर्षीय राष्ट्रपति नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज कराएंगे। मंगलवार को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद उन्हें काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इस महीने में यह दूसरी बार है जब पौडेल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले हफ्ते गैस्ट्राइटिस की समस्या के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत

**बीजिंग।** बीजिंग के एक अस्पताल में आग लगने से कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बीजिंग चांगफेंग अस्पताल में मंगलवार को लगी आग पर काबू पा लिया गया है। अग्निशमन विभाग को मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर अस्पताल के रोगी विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली थी। 70 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## अमेरिका में गोलीबारी में चार की मौत, तीन जख्मी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरपूर्वी मेन प्रांत में गोलीबारी की दो घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को मंगलवार सुबह बॉडॉइन के एक घर में यह सूचना देकर बुलाया गया कि यहां चार लोग मृत पाए गए हैं। इसके तुरंत बाद यरमाउथ में इंटरस्टेट 295 में गोलबारी हुई जिसमें तीन लोग घायल हो गए, अपनी गाड़ियों में बैठे तीन लोग घायल हो गए। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मेन प्रांत की पुलिस ने पुष्टि की है कि दो गोलीबारी हुई थी, लेकिन इनके पीछे का मकसद का पता नहीं चल पाया है। मेन के गवर्नर जेनेट मिल्स ने मंगलवार दोपहर ट्वीट किया कि वह घटना से हैरान और बेहद दुःखी हैं।

## सूडान में पांचवे दिन भी संघर्ष जारी

# अभी तक 270 लोगों की मौत



**एजेंसी। खार्तूम**

सूडान में हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 270 हो गई है। दरअसल, संघर्ष विराम के प्रयासों के विफल होने के बाद सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच हिंसक संघर्ष फिर से शुरू हो गया। सबसे पहले 15 अप्रैल को राजधानी खार्तूम में सेना कमान और राष्ट्रपति पैलेस के पास और उत्तर तथा पश्चिम में दो आरएसएफ ठिकानों के करीब विस्फोटों और युद्धक विमानों की गर्जना के साथ बुधवार सुबह तक भारी गोलाबारी जारी रही। एलएएफ और आरएसएफ पहले रविवार को और फिर सोमवार को तीन घंटे के संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए थे और नवीनतम संघर्ष विराम मंगलवार शाम छह बजे शुरू होना था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सूडान के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर का हवाला देते हुए कहा कि हिंसा में 2,600 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। सूडान के डॉक्टर्स ट्रेड यूनियन के अनुसार, कम से कम आधा दर्जन अस्पतालों पर दोनों युद्धरत पक्षों ने हमला किया है। इस बीच, सीएनएन द्वारा देखे गए एक आंतरिक संयुक्त राष्ट्र दस्तावेज के अनुसार, सशस्त्र कर्मियों ने खार्तूम शहर में संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के कर्मचारियों के घरों पर छापा मारा है। दस्तावेज के अनुसार, बंदूकधारियों ने महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और कारें तथा अन्य सामान चुरा लिए। रिपोर्ट में कहा गया है, खार्तूम में कथित तौर पर आरएसएफ के सशस्त्र वदीर्धारी कर्मी प्रवासियों के आवासों में प्रवेश कर रहे हैं, पुरुषों और महिलाओं को अलग कर रहे हैं और उन्हें अपने साथ ले जा रहे हैं। आरएसएफ ने आरोपों से इनकार किया है। उसने सीएनएन से कहा कि यह कभी भी संयुक्त राष्ट्र के किसी कर्मचारी पर हमला नहीं करेगा।

# संबलपुरी साड़ी पहनकर 42.5 किमी दौड़ी भारतीय महिला



**एजेंसी। लंदन**

यूके में रहने वाली भारतीय मूल की एक उड़िया महिला ने संबलपुरी साड़ी पहनकर एक मैराथन में दौड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। मैनचेस्टर में रविवार को 42.5 किमी की मैराथन को महिला ने 4 घंटे 50 मिनट में पूरा किया। यह यूके की दूसरी सबसे बड़ी मैराथन है। महिला की साड़ी पहनकर दौड़ लगाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। महिला का नाम मधुस्मिता जेना दास है। इनकी उम्र 41 साल है। दरअसल, एक ट्विटर यूजर ने मधुस्मिता को साड़ी पहनकर मैराथन में दौड़ लगाते हुए देखा। उसने इस घटना की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और लिखा, वङ के मैनचेस्टर में रहने वाली एक उड़िया ने संबलपुरी साड़ी पहनकर वङ के दूसरे सबसे बड़े मैराथन मैनचेस्टर मैराथन 2023 में दौड़ लगाई! ये बहुत ही अच्छा पल है। पूरे समाज के लिए यह गर्व की बात है। वहीं, फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसाइटी इंटल यूके के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट ने मैराथन का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें मधुस्मिता साड़ी में आराम से दौड़ती हुई दिख रही हैं, जबकि उनके दोस्त और परिवार वाले उनके लिए तालियां बजा रहे हैं। मधुस्मिता दुनिया भर में कई मैराथन और अल्ट्रा-मैराथन दौड़ चुकी हैं। तस्वीर वायरल होने के बाद से सोशल मीडिया यूजर्स महिला के जज्बे की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, प्राउड मोमेंट.. लगे रहो डियर। वहीं एक अन्य ने लिखा, वाह कितनी प्यारी तस्वीर है। हमें अपनी संस्कृति दुनिया को इस तरह दिखानी चाहिए।

**वैज्ञानिक का दावा**

## चूहों के आतंक से त्रस्त हो चुके हैं न्यूयार्क के लोग

# पूरी आबादी को हो सकता है कोविड से खतरा

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

शहर में रहने वाले लोग चूहों से त्रस्त आ चुके हैं। यहां चूहों से निजात पाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। बावजूद इससे लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। ऐसे में ये चूहे लोगों के लिए गंभीर रोग का कारण बन सकते हैं। एक रिपोर्ट में इन चूहों को लेकर चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। दरअसल, एक अध्ययन में पाया गया है कि भारी संख्या में मौजूद चूहों से कोरोना वायरस के फैलने का खतरा बढ़ गया है। चूहों से कोरोना वायरस के फैलने का दावा मिसौरी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन के बाद किया है. रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों का मानना है कि इतनी बड़ी तादात में अगर चूहे संक्रमित हुए तो कोरोना के फैलने की संभावना फिर से बढ़ जाएगी। ऐसे में शहर में रहने वाले लोग फिर से कोरोना वायरस के चपेट में आ सकते हैं। स्काई न्यूज ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया कि न्यूयॉर्क में लगभग आठ मिलियन जंगली चूहे हैं, इसके साथ ही ऐसे चूहे पूरे अमेरिका में फैले हुए हैं। इन्हें कम करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन इनकी संख्या दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ती जा रही है। एक्सपर्ट का मानना है कि इन चूहों के कारण अन्य प्रकार की भी बीमारियां फैल सकती हैं। रिसर्च के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया है कि ये चूहे भी इंसानों की तरह किसी भी कोरोना वेरिएंट्स की चपेट में आ सकते हैं। इससे पहले वैज्ञानिकों ने सितंबर और नवंबर 2021 के बीच एक रिसर्च किया था। तब 79 चूहों के सैम्पल लिए गए थे। शोध के दौरान पाया गया कि 13 चूहे कोरोना वायरस से संक्रमित थे.इससे पहले भी चूहों को कोरोना वायरस प्रभावित कर चुका है। ऐसी खबरें भी आई हैं। गौरतलब है कि ओमिक्रोन वेरिएंट के कारण बढ़ते संक्रमण के बीच हांगकांग में ऐसा ही मामला देखने को मिला था। दरअसल, हांगकांग में कम से कम 2000 हम्सटर (चूहे जैसे जीव) कोरोना संक्रमित पाए गए थे।



# इटली के सिसिली कोस्ट के पास समुद्र में तैरता मिला 2 हजार किलो कोकीन

**एजेंसी। इटली**

इटली के सिसिली कोस्ट के पास से 2 हजार किलोग्राम का कोकीन तैरता हुआ मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे 70 वाटरप्रूफ पैकेटों में सील कर भूमध्य सागर में फेंका गया था । जो तैरता हुआ इटली की तरफ आ गया। इस कोकीन की कीमत 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। इटली की पुलिस के मुताबिक ये कस्टम विभाग का जब्त किया अब तक का सबसे बड़ा ड्रग्स का जखीरा है। सिसिली कोस्ट पर तैर रहे 2 हजार किलो कोकीन के जखीरे पर इटली के मैरिटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट की नजर पड़ी थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को अलर्ट किया। 70 पैकेटों को इटली के कस्टम विभाग ने जब्त कर लिया। जब इसे जमीन



पर लाकर पैकेट खोले गए तो उसमें कोकीन निकला। कस्टम के अधिकारियों के मुताबिक कोकीन के पैकेटों को मछली पकड़ने के जाल में लपेट कर फेंका गया था। इसके साथ लुमिनस ट्रैकिंग डिवाइस भी बांधा गया था, ताकि इसे बाद में रिकवर किया जा सके। अधिकारियों के मुताबिक इसे छिपाने के लिए कार्गो शिप से फेंका गया था। तस्करों को उम्मीद थी कि वो बाद में इसे ढूंढ कर तय जगह पर सप्लाई कर देंगे। समुद्र से इस तरह से कोकीन पकड़ा जाना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले फरवरी में न्यूजीलैंड ने प्रशांत महासागर से 3,500 किलोग्राम कोकीन मिला था।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार, 20 अप्रैल, 2023



**ज्ञान की बात**

**देवास्त्र में बोधक तो सात्विक ऊर्जा का निर्मित हो और तरंगें आ रही हो रावण या दुर्योधन जैसे किसी साधक की ओर से तो वह बोधक सक्रिय नहीं हो पाएगा। यही कारण है कि जब कभी इन राक्षसों ने कोई ऐसा शास्त्र पा भी लिया तो वे उनकी रक्षा नहीं कर पाए। तुम समझ सकती हो कि दुर्योधन ने अश्वस्थामा से नारायणास्त्र क्यों नहीं मांगा।**
*– ठाकुर जी*



# साइबर अपराधी सक्रिय

***झारखंड*** में साइबर अपराध की कई घटनायें आये दिन सुनने को मिलती हैं। यह गिरोह लोगों के लिए परेशानी का सबब हैं। पिछले दिनों पलामू में फिल्म और सेलिब्रिटी को रेटिंग देने के नाम पर लाखों की ठगी की गई। पीड़ित व्यक्ति को खास फिल्म और खास सेलिब्रिटी को रेटिंग देने को कहा जाता था। पूरे मामले में पलामू के साइबर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसके बाद पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक पलामू के हुसैनाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को कुछ दिन पहले मोबाइल पर एक कॉल आया था। कॉल के माध्यम से उसे बताया गया कि फिल्म और सेलिब्रिटी को रेटिंग देनी है। इस माध्यम से वह घर बैठे पैसा कमा सकता है। बाद में पीड़ित व्यक्ति को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था। इस ग्रुप में व्यक्ति को खास फिल्म और सेलिब्रिटी को रेटिंग देने का निर्देश दिया जाता था। रेटिंग देने के बाद पीड़ित व्यक्ति उसका स्क्रीनशॉट लेकर ग्रुप में पोस्ट करता था। इसके एवज पीड़ित व्यक्ति को कुछ पॉइंट मिलते थे। पीड़ित व्यक्ति को कुछ ही दिनों में एक लाख पॉइंट हो गये थे। इस पॉइंट के एवज में उसे एक लाख रुपये देने की बात कही गई। पीड़ित व्यक्ति ने पॉइंट के एवज में रुपये की मांग की तो ठगों ने कुछ तकनीकी समस्या बताई और दोबारा रेटिंग करने को कहा। दोबारा की रेटिंग में पीड़ित व्यक्ति को कुछ कम पॉइंट मिल रहे थे। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने रेटिंग में कम पॉइंट होने की शिकायत व्हाट्सएप ग्रुप में की थी। पीड़ित व्यक्ति को रेटिंग बढ़ाने और रुपयों को लेने के लिए कुछ रकम की मांग की गई। व्यक्ति ने आठ से 10 किस्तों में ठगों को पांच लाख रुपये दे दिये। इसी तरह मेदिनीनगर के रहने वाले एक व्यक्ति को फिल्म स्टार और सेलिब्रिटी को पेज पर लाइक और कमेंट करने को कहा गया था। उससे भी एक लाख रुपये की ठगी हुई है। युवक पुलिस के पास मौखिक शिकायत लेकर पहुंचा था। पुलिस द्वारा लिखित मांगे जाने के बाद पीड़ित युवक दोबारा थाना नहीं पहुंचा। युवक ने पुलिस को बताया था कि घर वालों को पता चल जाने के बाद उसकी पिटाई होगी। ऐसे ही कई व्हाट्सएप ग्रुप बने हैं,जहां से ग्रुप में जोड़कर अश्लील हरकतों के माध्यम से लोगों को शामिल कर पैसे की ठगी की जा रही है। पलामू में ऐसे गिरोह मेहरबान हैं। साइबर थाने में कई मामले दर्ज किये गये हैं। पुलिस का मानना है कि ऐसे लोगों से सर्तकता के माध्यम से ही बचा जा सकता है। लोग किसी के झांसे में न आयें। किसी की कमजोरी का शिकार बनने से पहले सावधानी बरतें। साथ ही इसकी शिकायत तुरंत करें। झारखंड के जामताड़ा का लगातार दबाव पलामू पर देखने को मिल रहा है। वैसे तो इस साइबर गिरोह का दबदबा बिहार व पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है।इस स्थिति में ऐसे तत्वों से बचने की जरूरत है। अश्लील पोस्ट देखने और सुनने के कारण ही ऐसे गिरोहों की चलती है। कभी भी अपनी गोपनीयता न भंग कर इनकी योजनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। यह सब तभी संभव है,जब हमलोग सावधानी का प्रयोग करेंगे। ऐसे गिरोह यह जान जाते हैं कि मुर्गा हलाल होने वाला है। तब जाकर योजना ढंग से ये कार्रवाई को अंजाम देते हैं। अपने मोबाइल की जरूरी चीजों को कभी भी किसी से सांझा न करें। वैसे हाल के दिनों में यह गिरोह पलामू में ज्यादा सक्रिय है। इसकी वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा शिक्षा ग्रहण करने के लिए शहरों में रह रहे हैं। सीधे-साधे ऐसे युवा इनके शिकार ज्यादा बन रहे हैं।

**रेटिंग देने के बाद पीड़ित व्यक्ति उसका स्क्रीनशॉट लेकर ग्रुप में पोस्ट करता था। इसके एवज पीड़ित व्यक्ति को कुछ पॉइंट मिलते थे। पीड़ित व्यक्ति को कुछ ही दिनों में एक लाख पॉइंट हो गये थे।**

# किसी घर में पैदा न हो ऐसा अतीक अहमद





आर.के. सिन्हा

***बीते*** कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया अतीक अहमद के पुत्र असद और उसके दोस्त का मुठभेड़ में मारा जाना और उसके कुछ ही समय बाद पुलिस पहरे में आ रहे अतीक अहमद की उसके भाई अशरफ के साथ की गई हत्या की घटनाओं से सबका दिल दहल गया है। इन दोनों सनसनीखेज घटनाओं की जांच के न्यायिक आदेश दे दिए गए हैं। बेशक, अतीक अहमद के मारे जाने के साथ ही एक दहशत के युग का अंत हुआ है पर किसने सोचा होगा प्रयागराज में तांगा चलाने वाले शख्स का बेटा देखते - देखते अपराध के संसार में खौफ का पर्याय बन जायेगा। वह जिसकी संपत्ति पर चाहेगा कब्जा जमा लेगा। अगर कोई उसे अपनी संपत्ति देने में आनाकानी करेगा तो वह उसका या उसके बहन-बेटियों का अपहरण करवा लेगा। जरूरत पड़ने पर उस शख्स को मौत के घाट भी उतरवा देना उसके लिए तो मामूली बात थी। अफसोस इस बात को लेकर होता है कि अतीक अहमद को मुलायम सिंह यादव और फिर अखिलेश यादव का लगातार और खुला समर्थन मिलता रहा। अपने को गांधीवादी समाजवादी कहने वाले मुलायम सिंह यादव का नाम अतीक अहमद के साथ जुड़ना साफ करता है कि भारतीय राजनीति का चेहरा कितना बदबूदार हो गया है। अभी सोशल मीडिया पर अतीक के घर पर उसके विशाल ग्रेट डेन को प्यार से सहलाते हुए समाजवादी पार्टी सुप्रीम मुलायम सिंह का चित्र वायरल हो रहा है । यकीन मानिये कि कोई भी इंसान अपराध के संसार में अतीक अहमद तब ही बनता है जब उसे किसी रसूखदार का राजनीतिक प्रश्रय हासिल होता है। अतीक अहमद को यह राजनीतिक प्रश्रय मिला जिसके चलते वह कानून को अपने हाथ में लेता रहा। अतीक अहमद की अब कुछ फोन पर की गई वार्तायें सामने आ रही हैं जो वे फिरौती या फिर किसी की संपत्ति को कब्जाने के लिए किया करता था। उन्हें सुनने से लगता है कि वह फिरौती की रकम पूरे अधिकार के साथ मांगा करता था। उसके हुक्म को न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने के बारे में भी कड़क आवाज में बता दिया करता था। अब जरा देख लें कि जनतंत्र का यह दुर्भाग्य है कि इस तरह का शख्स पांच बार उत्तर प्रदेश की विधानसभा का सदस्य रहा। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस वक्त अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सांसद था। उस वक्त परमाणु समझौते के विरोध में यूपीए सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे वामदलों ने अपने हाथ खींच लिए थे। ऐसे में विपक्ष तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आया था। उस वक्त अतीक अहमद सहित छह अपराधी सांसदों को विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से 48 घंटे पहले विभिन्न जेलों से छोड़ा गया था, ताकि वे यूपीए सरकार के पक्ष में मतदान कर सकें। अतीक अहमद भी उन छह बाहुबलियों में से एक था, जिसने यूपीए सरकार को गिरने से बचाया था। क्या तब डॉ. मनमोहन सिंह या सोनिया गांधी को पता नहीं था कि अतीक अहमद कितने दूध के धुले हैं? अतीक अहमद खुद ही अपराध की दुनिया में सक्रिय नहीं हुआ। उसने अपने पुत्रों को भी अपराध के संसार में धकेल दिया। उसने अपने पुत्र असद को बचपन से ही रिवाल्वर चलाने की ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। आपको इस तरह का पिता आसानी से नहीं मिलेगा जो अपने बच्चों को ही अपराधी बनने के लिए प्रेरित करे। आखिर उसके आतंक का अंत का हो गया। उसे अंततः मिला क्या। उसे सरेआम उसके भाई के साथ मार दिया गया। जरा सोचिए कि चार दशकों तक अपराध और राजनीति की मदद से लगभग 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त करने वाले का कितना खराब हश्र हुआ। उसका पूरा परिवार बर्बाद हो गया। यूपी एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के तीसरे नंबर के बेटे असद और करीबी शूटर मोहम्मद गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया। दोनों ही उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड और पांच-पांच लाख के इनामी थे। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस की सुरक्षा में अतीक कैसे मारा गया? यह सवाल उठाने वाले यह कैसे भूल जाते हैं कि उमेश पाल को जब अतीक के बेटे ने मारा तब वह भी पुलिस की सुरक्षा में था कजब इस देश के दो-दो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी मारे गये थे तब तो वे केन्द्रीय बलों की सुरक्षा में थे। पहले असद और उसके दोस्त के मुठभेड़ में मारे जाने और फिर अतीक अहमद और उसके भाई के कत्ल के बाद कुछ स्वार्थी तत्वों ने फिर से विलाप शुरू कर दिया है। ये अतीक अहमद को खूंखार अपराधी नहीं मान रहे हैं। ये उसे एक मुसलमान नेता बताकर दुखी हैं। कह रहे हैं कि भारत में मुसलमानों के साथ दोयम दर्ज का व्यवहार हो रहा है। उनके साथ जुल्मों- सितम हो रहा है। याद कीजिए कि मुंबई बम धमाकों के साजिशकर्ता याकूब मेमन को तो नायक बनाने की भी इसी तरह से चेष्टा की गई थी। उसे सुप्रीम कोर्ट से मौत की सजा हुई, तो उसे बचाने के लिए देश के बहुत सारे स्वयंभू उदारवादी-सेक्युलरवादी सामने आ गये थे। उसकी शव यात्रा में हजारों लोग शामिल होते हैं। किसे नहीं पता कि उसके जनाजे में कौन-कौन शामिल हुआ था। हद तो तब हो गई थी जब उसकी कब्र को सजाया गया था। उसका इस तरह से रखरखाव होता रहा है कि मानो वह कोई महापुरुष हो। मुंबई में याकूब मेमन की कब्र के 'सौंदर्यकरण' करने के ठोस सुबूत मिल चुके हैं और उसे एक इबादत गाह बदलने की कोशिश की गई थी। इस तरह के आरोपों की सच्चाई जब सबके सामने आई तो मुंबई पुलिस ने आतंकवादी की कब्र के चारों ओर लगाई गई 'एलईडी लाइट' को हटाया। याकूब मेमन को 2015 में नागपुर जेल में फांसी दी गई थी। उसे दक्षिण मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में दफनाया गया था। अब अतीक अहमद को महापुरुष साबित किया जा रहा है। गरीबों का मसीहा कहा जा रहा है। पर सच यह है कि वह अपराधी था। भगवान न करे कि उसके जैसा शख्स फिर से पैदा न हो।

**जरूरत पड़ने पर उस शख्स को मौत के घाट भी उतरवा देना उसके लिए तो मामूली बात थी। अफसोस इस बात को लेकर होता है कि अतीक को मुलायम सिंह यादव और फिर अखिलेश यादव का लगातार व खुला समर्थन मिलता रहा।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान वेंकटेश्वर की कथा

***महल*** में रानी बहुत गुस्सा हो गई क्योंकि गाय दूध का उत्पादन करने में सक्षम नहीं थी। इसलिए, उसने गाय के झुंड को गाय पर नजर रखने के लिए कहा। गाय के झुंड ने पाया कि गाय अपना सारा दूध एंथिल पर गिरा रही थी। गाय से नाराज होकर गाय चराने वाले ने अपनी कुल्हाड़ी से उसे मारने का प्रयास किया। तब, भगवान विष्णु चींटी पहाड़ी से बाहर निकले और झटका लिया। भगवान विष्णु को खून से लथपथ देखकर, गाय चराने वाला नीचे गिर गया और सदमे से मर गया। उसके बाद राजा दौड़ते हुए मौके पर आए और गाय के झुंड को मृत पाया। तब भगवान विष्णु चींटी की पहाड़ी से बाहर आए और राजा को अपने सेवक के आचरण के लिए असुर के रूप में जन्म लेने का श्राप दिया। राजा ने प्रभु से माफी मांगी और दया मांगी। तब प्रभु ने उन्हें वरदान दिया कि वह अकसा राजा के रूप में जन्म लेंगे और अपनी बेटी पद्मावती को भगवान विष्णु से विवाह में देंगे। इस प्रकार, भगवान विष्णु ने श्रीनिवास का रूप धारण किया और वराह क्षेत्र में निवास करने लगे। कई वर्षों बाद अकासा राजा नाम का एक राजा इस क्षेत्र में आया और उसकी एक प्यारी बेटी पद्मावती थी। एक बार श्रीनिवास ने हाथियों के झुंड का पीछा करते हुए पद्मावती को देखा। इसके बाद से दोनों में प्यार हो गया। जब अकासा राजा को इस बारे में पता चला, तो उन्होंने सभी पुजारियों से परामर्श किया और पद्मावती को श्रीनिवास से शादी करने का फैसला किया। भगवान श्रीनिवास ने अपनी शादी के लिए कुबेर से धन उधार लिया। इस प्रकार, भगवान श्रीनिवास और देवी पद्मावती ने दिव्य और अनन्त गाँठ को बांध दिया। देवी लक्ष्मी एक बार फिर भगवान विष्णु के साथ एकजुट हो गईं और उनके दिल में हमेशा के लिए रह गईं।

(क्रमशः)

# सामाजिक समरसता पर सहज अमल



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***राष्ट्रीय*** स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। उसकी यह यात्रा सामाजिक समरसता और संगठन पर आधारित है। इसका निरन्तर विस्तार हो रहा है। समाज के चिंतन और व्यवहार में व्यापक बदलाव आ रहा है। राष्ट्र को सर्वोच्च मानते हुए कार्य करने की प्रेरणा संघ से मिल रही है। भेदभाव से मुक्त समाज का विचार प्रबल हो रहा है। संघ ने यह विलक्षण कार्य अत्यंत सहज और स्वाभाविक रूप में किया है। संघ की शाखाएं इसी भावभूमि पर चलती हैं। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार युगद्दष्टा थे। शाखाओं में जाने मात्र से भेदभाव का विचार तिरोहित हो जाता है। इसीलिए कहा गया कि संघ को समझने के लिए शाखाओं में जाना अपरिहार्य है। यहां समरसता का स्वाभाविक वातावरण होता है। यहां होने वाले कार्यक्रम या सहभोज आदि समरसता के अघोषित उपकरण हैं। इनसे लोगों के विचार मनोवैज्ञानिक रूप में समरसता के अनुकूल हो जाते हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने धर्म संस्कृति सम्मेलन और डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति के कार्यक्रम में इसी को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा भी है संघ सम्पूर्ण समाज को अपना मानता है। एक दिन यह बढ़ते-बढ़ते समाज का रूप ले लेगा। तब संघ का यह नाम भी हट जायेगा। हिंदू समाज ही संघ बन जायेगा। वह मानते हैं कि सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। सेवा कार्य में कोई भेदभाव नहीं होता। दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म, खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व संदेश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है। यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। एक सौ तीस करोड़ का समाज भारत माता का पुत्र है। हमारा बंधु है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्मसंयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत दूसरे देशों की सहायता करता रहा है। क्योंकि यही हमारा विचार है। समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही ही संघ का एकमात्र लक्ष्य है। संघ प्रमुख मानते हैं कि जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था, तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किये। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है। जिसने सभी पंथों को सम्मान दिया। सभी के बीच बंधुत्व का विचार दिया। ऐसे में भारत को शक्ति संम्पन्न बनाने की बात होती है तो उसमें विश्व के कल्याण का विचार ही समाहित होता है। भारत की प्रकृति मूलतः एकात्म है और समग्र है।

**संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार युगद्दष्टा थे। शाखाओं में जाने मात्र से भेदभाव का विचार तिरोहित हो जाता है। इसीलिए कहा गया कि संघ को समझने के लिए शाखाओं में जाना अपरिहार्य है।**

**संघ चर्चा**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट



**Suryakant**
@suryakantvsnl

उमेश पाल हत्याकांड में फरार असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने अधिकारियों की तारीफ की. इसके साथ ही सीएम ने कानून व्यवस्था पर बड़ी बैठक बुलाई है. CM योगी ने UP STF की सराहना की. अमिताभ यश और उनके अधिकारियों की सराहना की. प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस एनकाउंटर की जानकारी CM को दी. इस पूरे मामले CM के सामने रिपोर्ट रखी गई.

## फेसबुक वॉल से



**P Markandey**
3 d

खुशी की बात है कि हमारे सरयू नदी में दिखी विशाल डॉल्फिन मछली।
मोदी है तो मुमकिन है।

# कश्मीर रहा है सनातन हिंदू संस्कृति का गढ़



प्रह्लाद सबनानी

***अतिप्राचीन*** भारत में कैलाश पर्वत के आसपास भगवान शिव के गणों की सत्ता थी। इस इलाके में ही दक्ष राजा का साम्राज्य था। ऐसा माना जाता है कि कश्यप ऋषि कश्मीर के पहले राजा हैं। कश्मीर को उन्होंने अपने सपनों का राज्य बनाया। संभवतः कश्यप ऋषि के नाम पर ही कश्यप सागर (कैस्पियन सागर) और कश्मीर का प्राचीन नाम पड़ा। शोधकर्ताओं के अनुसार कैस्पियन सागर से लेकर कश्मीर तक ऋषि कश्यप के कुल के लोगों का राज फैला हुआ था। कश्यप की एक पत्नी कद्रू के गर्भ से नागों की उत्पत्ति हुई जिनमें प्रमुख 8 नाग थे- अनंत (शेष), वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख और कुलिक। इन्हीं से नागवंश की स्थापना हुई। आज भी कश्मीर में इन नागों के नाम पर ही कई स्थानों के नाम हैं। कश्मीर का अनंतनाग नागवंशियों की राजधानी हुआ करता था। हाल में अखनूर से प्राप्त हड़प्पाकालीन अवशेषों तथा मौर्य, कुषाण और गुप्त काल की कलाकृतियों से जम्मू के प्राचीन इतिहास का पता चलता है। 1184 ईसा पूर्व के राजा गोनंद से लेकर राजा विजय सिम्हा (1129 ईसवी) तक के कश्मीर के प्राचीन राजवंशों और राजाओं के प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र पहले हिन्दू शासकों और फिर बाद में मुस्लिम सुल्तानों के अधीन रहा। बाद में यह क्षेत्र अकबर के शासन में मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। वर्ष 1756 से अफगान शासन के बाद वर्ष 1819 में यह क्षेत्र पंजाब के सिख साम्राज्य के अधीन हो गया था। जब भारत को अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त हुई तब धर्म के नाम पर भारत के एक बड़े भू-भाग को अलग कर पाकिस्तान बना दिया गया था। उस समय भी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख ये तीनों अलग अलग क्षेत्र थे और यह तीनों क्षेत्र एक ही राजा के अधीन थे तथा 26 अक्टूबर, 1947 को इस क्षेत्र के शासक महाराज हरि सिंह ने अपने क्षेत्र के भारतीय संघ में विलय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे। विभाजन की इस त्रासदी के समय भी पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर क्षेत्र पर आक्रमण कर इसके बहुत बड़े भू-भाग पर कब्जा कर लिया था। इस आक्रमण का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए कब्जा मुक्ति का अभियान बहुत सफलतापूर्वक चला रही थी। मगर बीच में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा कर दी जिसके कारण लगभग आधा जम्मू-कश्मीर आज भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। यह तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनीतिक भूल मानी जाती है, जिसके चलते यह क्षेत्र पिछले लगभग 70 वर्षों तक अशांत क्षेत्र बना रहा है। तत्कालीन नेहरू सरकार की जम्मू-कश्मीर से सम्बंधित दूसरी सबसे बड़ी गलती थी अनुच्छेद 370 लागू करवाना। इस धारा के अंतर्गत केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून जम्मू-कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था। अतः भारत सरकार के कानून जम्मू - कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू-कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या सम्पत्ति नहीं खरीद सकता था। जम्मू-कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के सम्मान नहीं करने पर उन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था। यहां तक कि जम्मू और कश्मीर के सम्बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता है, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें।

**विभाजन की इस त्रासदी के समय भी पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर क्षेत्र पर आक्रमण कर इसके बहुत बड़े भू-भाग पर कब्जा कर लिया था।**

**बात कश्मीर की**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

'मन की बात' की शक्ति

# भारत की यात्रा का निर्धारण



2015 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के श्रोताओं के लिए एक अनूठा सुझाव दिया था- 'मैंने सोचा था कि हम लोगों को विकलांग कहते हैं या जानते हैं क्योंकि उनके शरीर की संरचना में कुछ कमी है या जिनके अंग सही से काम नहीं करते हैं।
हालांकि, जब हम उनके साथ बातचीत करते हैं, तो हमें पता चलता है कि भगवान ने उन्हें कुछ अलग शक्ति प्रदान की है। जिसे हम अपनी आंखों से नहीं देख सकते हैं। लेकिन जब हम उन्हें काम करते हुए देखते हैं तो हमें उनकी प्रतिभा का एहसास होता है। इसलिए, मैंने सोचा कि क्यों न हमारे देश में 'विकलांग' के बजाय 'दिव्यांग' शब्द का इस्तेमाल किया जाए।
यह अक्षमता के क्षेत्र में समावेशिता और पहुंच की दिशा में एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण की शुरूआत थी और मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह इस माध्यम की शक्ति है। जिसे प्रधानमंत्री ने महसूस किया है और आत्मसात किया है।
इस क्षेत्र के साथ मेरे 3 दशकों से अधिक के जुड़ाव और खुद व्हील चेयर पर होने के कारण, मैंने देखा है कि जब दिव्यांगजनों की बात आती है तो राष्ट्र के सामने कुछ गंभीर चुनौतियां होती हैं। जिनमें से तीन - अनुत्पादकता, शिक्षा और पहुंच सबसे महत्वपूर्ण है। हालांकि, पिछले एक दशक में, हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में एक आदर्श बदलाव देखा गया है। 'सबका साथ, सबका विकास' की दृष्टि से, 3 दिसंबर, 2015 को सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ। विकलांग व्यक्तियों को जीवन के सभी पहलुओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए समान अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था।
लेकिन सरकार की इस नीति के साथ-साथ, ऐसे लोगों के इर्द-गिर्द की कहानी में बदलाव की पहल करना भी उतना ही आवश्यक था या जैसा कि मैं इसे 'व्यवहार परिवर्तन के लिए जन समर्थन' कहना चाहती हूं। उस रेडियो संबोधन के सात साल बाद आज समाज में विकलांग व्यक्तियों के प्रति लोगों के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है। 'मन की बात' हमारे प्रधानमंत्री को सीधे जनता से जोड़ती है। जहां वे इस मुद्दे पर विस्तार से बोलते हैं और इससे व्यक्तियों और संगठनों को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक काम करने की ऊर्जा मिलती है। इसने सभी क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के बारे में सार्वजनिक धारणा को बदलने में मदद की है। चाहे वह मीडिया, शिक्षा या खेल हो, जिसके लिए कई पैरालंपियनों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया है।
नवप्रवर्तन के लिए विचारों को आमंत्रित करने से लेकर, जो दिव्यांगजनों को उनके लिए मौजूदा पहलों और नीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालने के लिए अक्सर 'मन की बात' के मंच का उपयोग करते हैं। यहां तक कि देश में की जा रही छोटी से छोटी अभिनव और प्रेरक पहल को भी उनके द्वारा अपने रेडियो संबोधन में सामने लाया जाता है। उदाहरण के लिए मस्कुलर डिस्ट्रॉफी का उदाहरण लें। एक वंशानुगत विकार जो मांसपेशियों के द्रव्यमान के क्रमिक नुकसान का कारण बनता है। जिसे 27 नवंबर, 2022 को प्रसारित 'मन की बात' के 95वें एपिसोड में हाइलाइट किया गया था। जहां प्रधानमंत्री ने हमारे संस्थान इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के बारे में बात की थी जिसने बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने में अद्भुत काम किया था। हालांकि अभी लंबा रास्ता तय करना है, लेकिन विकलांग व्यक्तियों के जीवन और अधिकारों में नई दिलचस्पी हमें सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।
यह परिवर्तनकारी 'मन की बात' कार्यक्रम 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के एक




महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह मंच आने वाले समय में भी समावेशी भारत के सपने को साकार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें अधिक जागरूकता की आवश्यकता है। वे हैं 'यूनिवर्सल डिजाइन' ताकि दिव्यांगजनों तक पहुंच बढ़ाई जा सके। कार्यस्थल में दिव्यांगजनों के लिए एक समान अवसर बनाने के लिए 'समुचित समायोजन' का दृष्टिकोण, और संभावित स्टार्टअप और इनोवेटर्स के लिए बाजार पहुंच के पर्याप्त अवसर को बढ़ावा देना सहायक टच (एटी) क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए इसकी मांग बढ़ रही है।
'एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य' विषय के साथ जी20 में भारत की अध्यक्षता प्रगति और विकास के आसपास की चर्चाओं में विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का अवसर प्रस्तुत करती है। यह भारत को समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा देने में एक वैश्विक पथ प्रदर्शक के रूप में स्थापित करेगा, क्योंकि अपनी शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर भारत के लिए यह एक महान लक्ष्य है। इसके लिए, यह सुझाव दिया जाता है कि साल भर चलने वाले अभियान को लागू किया जाए। जिसमें हर महीने की 11 तारीख को 'विकलांगता के लिए विशेष दिन' के रूप में नामित किया जाता है। यह दिन विकलांग व्यक्तियों को नौकरियों की पेशकश, साहस और पहल की कहानियों को साझा करने और इस विचार को शुरू करने के लिए 'मन की बात' का बेहतर मंच के रूप में जश्न मनाने और समर्थन करने का अवसर होगा। सांकेतिक तिथि के रूप में 11 का चुनाव इस अवधारणा को दर्शाता है कि छोटे प्रयास जब संयुक्त होते हैं तो महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार, विकलांगता अधिकारों और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए हर योगदान मूल्यवान है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।
मैं 'मन की बात' की आगामी 100वीं कड़ी और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर हमारे प्रधानमंत्री के ज्ञान के शब्दों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि सरकार द्वारा हम सबमें 'कर सकते हैं' कि भावना जगाने वाले कदमों की चर्चा 'मन की बात' में और उसके माध्यम से होती रहेगी, ताकि पूरा देश समावेशी भारत के निर्माण के लिए उत्साह, प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'पंच प्राण' को पूरा करते हुए, इससे ओत-प्रोत हो सके। क्योंकि हम 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुके हैं।

**लेखिका का नोट : राष्ट्रीय दिव्यांगजन रोजगार संवर्धन केंद्र से इनपुट**

**❖ संजना गोयल**
**अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी**



# मांसपेशियों में आती है एठन, हो सकती है कैल्शियम की कमी

ऑस्टियोपोरोसिस महिलाओं में होने वाली आम बीमारी है, जिसमें हड्डियां कमजोर होकर टूट जाती है। आमतौर पर महिलाओं को एक उम्र के बाद इस बीमारी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या में प्रैक्चर और हड्डी संबंधित बीमारी होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।
कभी चलते चलते तो कभी रात को सोते समय मांसपेशियों में ऐंठन आ जाती है। आमतौर पर ये ऐंठन तब होती है जब दो या उससे अधिक मांसपेशियां आपस में उलझ जाती है। ये मांसपेशियां उलझकर सख्त हो जाती है। इसे नस चढ़ना भी कहा जाता है। वहीं मेडिकल टर्म में इसे अनैच्छिक संकुचन यानी इनवॉलंटियरी कॉन्ट्रैक्शन कहा जाता है। मांसपेशियों की ऐंठन के लिए कई कारण हो सकते है। इन क्रैंप्स के लिए कैल्शियम की कमी भी अहम कारण हो सकती है। वैसे कैल्शियम की कमी के कारण और भी कई समस्याएं हो सकती है।
- इसमें हाथ पैरों में झनझनाहट होना शामिल है। कैल्शियम की कमी होने पर हाथ पैरों में झनझनाहट होने की समस्या हो सकती है। कई मामलों में हाथ या पैर सुन्न भी हो जाते है। जब शरीर में कैल्शियम कम होने लगता है तो इस तरह के संकेत दिखते है।
- अगर दिन भर काम करने के बाद भी रात को सोने में परेशानी का सामना करना पड़ता है तो ये भी कैल्शियम की कमी के कारण हो सकता है। थकान और कमजोरी होने के बाद भी नींद पूरी ना होना इशारा करता है कि शरीर में कैल्शियम की भारी कमी है।
- कैल्शियम दांतों के इनेमल को मजबूती देता है। इनेमल दांतों के बाहर एक कठोर परत होती है, जिससे दांत खराब होने से बचते है। शरीर में कैल्शियम की कमी होने पर दांतों में कमजोरी होने लगती है। कैल्शियम की कमी होने पर दांतों के खराब होने की संभावना काफी अधिक हो जाती है। जब दातों से इनेमल गायब होता है तो सेंसिटिविटी और दर्द भी होता है।
- ऑस्टियोपोरोसिस महिलाओं में होने वाली आम बीमारी है, जिसमें हड्डियां कमजोर होकर टूट जाती है। आमतौर पर महिलाओं को एक उम्र के बाद इस बीमारी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या में प्रैक्चर और हड्डी संबंधित बीमारी होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।
- अगर नाखून और बाल काफी आसानी से टूटते हैं तो ये भी इशारा है कि शरीर में कैल्शियम की काफी कमी हो रही है। शरीर में कैल्शियम की कमी होने पर नाखून और बाल टूटने लगते है। बालों के रूखापन और बेजान होने के लिए भी कैल्शियम ही जिम्मेदार माना जाता है।

## रिलीफ के लिए अपनाएं ये उपाय

- जीवनशैली को एक्टिव रखना जरुरी है
- ऐंठन वाली जगह को स्ट्रैच करते रहें
- हाथों या मसाज रोलर से ऐंठन वाली जगह पर मालिश करें
- ऐंठन होने पर बर्फ लगाएं या आईस पैक का उपयोग करें
- ऐंठन से राहत पाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करें

**❖ रितिका कमठान**

# मैग्नीशियम की कमी से बढ़ सकती हैं ये समस्याएं

जिस तरह से स्वस्थ शरीर के लिए पोषक तत्व आवश्यक होता है। ठीक उसी तरह से शरीर के लिए मैग्नीशियम भी बेहद जरूरी होता है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी होने पर पाचन संबंधी दिक्कत, कमजोरी और भूख आदि नहीं लगती है। ऐसे में आप अपनी डाइट में इस फूड्स को शामिल कर मैग्नीशियम की कमी को पूरा कर सकते हैं।
शरीर को हल्दी बने रहने के लिए कई विटामिन्स और मिनरल्स की आवश्यकता होती है। मैग्नीशियम, सोडियम, कैल्शियम के अलावा भी कई ऐसे तत्व होते हैं। जिनका हमारी बॉडी में सही मात्रा में होना बेहद जरूरी होता है। वहीं अगर शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो जाती है तो इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। मैग्नीशियम की कमी होने पर पाचन संबधी दिक्कतें, नींद नहीं आना, कमजोरी, भूख न लगना, मूड स्विंग्स, मांसपेशियों में दर्द, दिल की धड़कन का अनियमित होना आदि। अगर आपका भी शरीर इस ओर संकेत दे रहा है तो यह मैग्नीशियम की कमी को दिखाता है। सेहतमंद रहने के लिए शरीर में मैग्नीशियम के लेवल का सही होना आवश्यक होता है। हालांकि कई लोग मैग्नीशियम की कमी को सीरियस नहीं लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शरीर में मैग्नीशियम की कमी आपके लिए कितनी घातक हो सकती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मैग्नीशियम हमारे शरीर के लिए किस तरह से काम करता है।




ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करना
डिप्रेशन को कम करना
माइग्रेन में आराम पहुंचाना
ब्लड शुगर को कंट्रोल करना
दिल की धड़कन को नियमित करना
हड्डियों को मजबूत रखना

## चार प्रकार के मैग्नीशियम जरूरी

हमारी बॉडी के लिए 4 तरह के मैग्नीशियम बेहद जरूरी होते हैं। इन चारों मैग्नीशियम के अलग-अलग काम होते हैं। साथ ही चारों का स्त्रोत भी अलग-अलग होता है। ऐसे में अगर आपके भी शरीर में मैग्नीशियम की कमी है तो आपको अपनी डाइट में मैग्नीशियम से भरपूर चीजें जरूर शामिल करनी चाहिए। यहां हम आपको मैग्नीशियम के चार प्रकारों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही आप इन्हें कैसे अपनी डाइट में शामिल करें। इस बात की जानकारी डाइटीशियन मनप्रीत ने शेयर की है।

## मैग्नीशियम साइट्रेट

मैग्नीशियम साइट्रेट एक नैचुरल लैक्सेटिव होता है। यब कब्ज आदि को दूर करने में सहायक होता है। मैग्नीशियम साइट्रेट की कमी से शरीर में कब्ज की समस्या होने लगती है और पेट सही से साफ नहीं हो पाता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट में बीन्स, हरे पत्ते वाली सब्जियां, केला, अंजीर और बादाम आदि को शामिल करना चाहिए।

## मैग्नीशियम ग्लाइसीनेट

मैग्नीशियम ग्लाइसीनेट हमारे दिमाग को आराम देने का काम करता है। यह तनाव को कम करके अच्छी नींद लाने में सहायक होता है। पालक और कद्दू के बीज मैग्नीशियम ग्लाइसीनेट अच्छे स्त्रोत हैं।

## मैग्नीशियम मैलेट

शरीर में ताकत बनाए रखने के लिए मैग्नीशियम मैलेट बहुत जरूरी है। यह बॉडी में एनर्जी लेवल को बढ़ाता है साथ ही यह मांसपेशियों के दर्द और कमजोरी को भी दूर करता है। सेब, अंगूर, खुबानी में यह भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

## मैग्नीशियम थेरोनेट

मैग्नीशियम थेरोनेट दिमाग में जल्दी अब्जॉर्ब हो जाता है। यह दिमाग को शांत रखने में भी सहायक होता है। मैग्नीशियम थेरोनेट की कमी होने पर आपको अपनी डाइट में ओट्स, किडनी बीन्स और एवोकाडो को शामिल करना चाहिए।

# रोजाना साइकिल चलाने से मिलेंगे गजब के फायदे

साइकिल चलाने से न सिर्फ हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। इसलिए डॉक्टर भी कम से कम आधा घंटा साइकिल चलाने की सलाह देते हैं। साथ ही कई गंभीर बीमारियां भी कोसों दूर रहती हैं। साइकिल चलाने के कई फायदे होते हैं। जहां एक ओर साइकिल चलाने से पॉल्यूशन से मुक्ति मिलती है तो वहीं दूसरी ओर आपकी सेहत भी अच्छी रहती है। बता दें कि न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों को भी कम से कम आधा घंटे साइकिल चलानी चाहिए। हमारे सेहत और शरीर दोनों के लिए साइकिल चलाना फायदेमंद है। साइकिल चलाने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज हो जाती है। वहीं डॉक्टर योगेश ने साइकिल चलाने के 3 फायदे बताए हैं। इन फायदों को जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे।



## ईंधन की बचत

साइकिल चलाने से पॉल्यूशन से मुक्ति मिलने के साथ ही ईंधन की भी बचत होती है। आजकल लोग आसपास आने-जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। आसपास जाने के लिए आपको साइकिल का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे आपकी एक्सरसाइज भी हो जाएगी।

## कैंसर का खतरा

साइकिल चलाने से हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। साथ ही इससे बाउल कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। डॉक्टर के अनुसार साइकिल चलाने से ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को भी कम किया जा सकता है। वहीं अगर आप दिल संबंधी किसी परेशानी से जूझ रही हैं तो इसमें भी साइकिल आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

## मानसिक तनाव

अगर आप मानसिक तनाव से परेशान हैं तो आपको अपने डेली रुटीन साइकिल चलाने को शामिल करना चाहिए। जो भी लोग मानसिक तनाव फेस कर रहे हैं उनको खासकर साइकिल चलाना चाहिए। वहीं एक्सपर्ट्स की मानें तो साइकिल चलाने से आपके शरीर की भी एक्सरसाइज हो जाती है, जो आपकी सेहत के लिए अच्छा होता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य-व्यवसाय में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मन बेचैन रहेगा और किसी कार्य को करने में मन नहीं लगेगा।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय-व्यय में संतुलन बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में मंदी का सामना करना पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। परिश्रम से सभी कामों में सफलता मिलेगी और बिगड़े हुए काम बन सकते हैं। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**कर्क राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। शरीर में नया जोश और उत्साह देखने को मिलेगा और सभी कार्य आसानी से पूरा करेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कठिन परिश्रम के बावजूद कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलेगी, जिससे मन उदास रह सकता है।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कार्यभार की अधिकता रहेगी और मेहनत का प्रतिफल भी प्राप्त होगा।

**तुला राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता से तनाव भी बढ़ेगी। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, जिससे समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार और नौकरी में सहयोगियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा और व्यर्थ के कामों में अधिक समय खराब हो सकता है। बुजुर्गों की सलाह लेकर काम करेंगे, तो सफलता के साथ ज्यादा लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कठिन परिश्रम से अच्छे व अनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम से धनलाभ के अवसर सुलभ होंगे। मन में उत्साह और शरीर में नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे। अनैतिक रूप से धन कमाने के प्रयास लाभ तो देंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## NEWS इन ब्रीफ

### मां कामाख्या कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल होगी : पीएम मोदी



**गुवाहाटी।** पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि काशी विश्वनाथ धाम और श्री महाकाल महालोक कॉरिडोर की तरह मां कामाख्या कॉरिडोर भी एक ऐतिहासिक पहल होगी। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने एक एक ट्वीट में वीडियो साझा किया कि निकट भविष्य में पुनर्निर्मित मां कामाख्या कॉरिडोर कैसा दिखेगा। असम के मुख्यमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मुझे यकीन है कि मां कामाख्या कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल होगी। जहां तक आध्यात्मिक अनुभव का संबंध है, काशी विश्वनाथ धाम और श्री महाकाल महालोक परिवर्तनकारी रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा मिलना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलना उतना ही महत्वपूर्ण है।

### बिहार के कई जिलों में अब होगी लीची की खेती भूमि चिन्हित की गई



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर की लीची देश विदेश में प्रसिद्ध है। सरकार अब लीची को अन्य ऐसे जिले तक पहुंचाने की कोशिश में जुटी है जहां लीची का उत्पादन कम होता है या होता ही नहीं है। इसके लिए कई जिलों में भूमि को चिन्हित भी किया गया है। कहा जाता है कि लीची की मांग बिहार के अलावा देश के कई शहरों में है। तोड़ी गई लीची बहुत दिन तक नहीं रखी जा सकती, इस कारण कृषि विभाग अन्य जिलों में भी लीची का रकबा बढ़ाने की कोशिश में जुटी है। कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य के 11 जिलों में लीची की खेती के लिए भूमि चिह्नित की गयी है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में 153418 हेक्टेयर, पूर्णिया में 303281, पूर्वी चंपारण में 300271, पश्चिमी चंपारण में 285287, मधुबनी में 275541, कटिहार में 263518, बांका में 235738, औरंगाबाद में 198376, सीतामढ़ी में 167797, भागलपुर में 131687 तथा पटना में 124329 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गयी है।

### मनरेगा का पैसा न देने पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# मनरेगा अच्छी स्कीम राजनीति से दूर रखें

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ के समक्ष पंद्रह माह से मनरेगा कर्मियों को भुगतान नहीं मिलने संबंधी एक याचिका में वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया कि केंद्र, राज्यों को तुरंत पैसा जारी करे। प्रशांत भूषण के अनुसार, 10 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम बकाया है। स्वराज इंडिया ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। अदालत ने प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद केंद्र से पूछा कि वो बताए कि स्कीम के तहत पैसा जारी क्यों नहीं हो रहा है? अदालत का कहना था कि केंद्र



पैसा रोके रहेगा तो ऐसे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। जस्टिस अजय रस्तोगी व जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला की बेंच ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मनरेगा एक अच्छी स्कीम है। इसे राजनीति से दूर रखा जाए। स्वराज इंडिया ने 2015 में जनहित याचिका दायर की थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में रिट का निपटारा कर दिया था। स्वराज इंडिया ने इंटरलोक्युटरी एप्लीकेशन दायर करके सर्वोच्च न्यायालय से दखल का अनुरोध किया था। वकील प्रशांत भूषण ने मनरेगा कर्मियों की तरफ से दलील देते हुए कहा कि केंद्र मनरेगा की मद में राज्य सरकारों को पिछले पंद्रह माह से पैसा जारी नहीं कर रहा है। 10 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम बकाया है। इसकी वजह से राज्य सरकारें मनरेगा के तहत आवेदन करने वाले लोगों को काम नहीं दे रही हैं। उन्हें वापस लौटा दे रही है। केंद्र मनरेगा के तहत पैसा न देने के लिए अलग-अलग दलीलें दे रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार को कहा गया है कि वो स्कीम के तहत पैसा जारी न करे, क्योंकि वहां करप्शन की शिकायतें मिली हैं।

## बोम्मई को मिलेगा एक और कार्यकाल : नड्डा



**हावेरी (कर्नाटक)।** भाजपाध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को संकेत दिया कि अगर राज्य में भाजपा सत्ता में फिर से आती है तो बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री के रूप में एक और कार्यकाल मिलेगा। उनके इस बयान से प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है। रोड शो के बाद विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि बोम्मई का नामांकन सिर्फ विधायक की सीट के लिए नहीं है। राज्य को एक नई दिशा में ले जाया जाएगा और बोम्मई को अगले पांच साल के लिए फिर से मौका मिलेगा। नड्डा ने कहा कि सीएम के रूप में बोम्मई ने राज्य में अपराध दर में कमी की है। कर्नाटक में अपराधियों को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचार और कमीशन का पर्याय बताया। उन्होंने कहाः अगर आप अधिक रेल संपर्क चाहते हैं, तो आपको भाजपा को वोट देना होगा।

# केंद्रीय कैबिनेट ने नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेशनल क्वांटम मिशन के लिए मंजूरी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने दी है। इसके लिए 6,003 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। 2023-24 से 2030-31 तक का इसकी समय सीमा है। इस दौरान सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 पर भी बड़ा फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि फिल्म जगत, कलाकारों और प्रशंसकों से जुड़ा हुआ निर्णय लिया गया है। बहुत समय से मांग थी कि पायरेसी पर कुछ किया जाए। आज कैबिनेट ने अनुमति दी है कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई क्रांतिकारी कार्य किए हैं। यह मिशन इस दिशा में एक बड़ा कदम है। आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सबसे बड़े पक्षकारों में शामिल है, जहां क्वांटम से जुड़ी सूचनाओं का संवर्द्धन महत्वपूर्ण होता है। इस मिशन के तहत सूचनाओं का संवर्द्धन तेज होगा और इन्हें अधिक विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। इस कदम से भारत छह देशों की साथ खड़ा हो गया है, जिनके पास इस तरह की क्षमता है। इन देशों में अमेरिका, कनाड़ा, फ्रांस, आस्ट्रिया, फिनलैंड और चीन शामिल हैं।

## अजित आए तो शिंदे सरकार का हिस्सा नहीं रहेंगे

**मुंबई।** एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार के बीजेपी में जाने की अटकलों के बाद महाराष्ट्र में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इस मामले पर अब शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) की ओर से भी बड़ा बयान दिया गया है। शिवसेना के प्रवक्ता संजय शिरसाट ने कहा कि अगर अजित पवार एनसीपी के नेताओं के समूह के साथ बीजेपी के साथ हाथ मिलाते हैं तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र में सरकार का हिस्सा नहीं रहेंगे। संजय शिरसाट ने मंगलवार (18 अप्रैल) को मुंबई में कहा कि उन्हें लगता है कि एनसीपी प्रत्यक्ष रूप से बीजेपी से हाथ नहीं मिलाएगी। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और बीजेपी की गठबंधन सरकार है। शिरसाट ने कहा कि हमारी रणनीति स्पष्ट है। एनसीपी वह पार्टी है जो धोखा देती है। हम उनके साथ मिलकर शासन नहीं करेंगे। अगर बीजेपी, एनसीपी के साथ जाती है तो महाराष्ट्र को ये पसंद नहीं आएगा।

# मोदी, शाह, योगी और नड्डा स्टार प्रचारक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्नाटक विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधान सभा चुनाव में प्रचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, बीएस येदियुरप्पा, निर्मला सीतारमण, स्मृति ईरानी, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और राज्य के प्रभारी अरुण सिंह समेत 40 नेताओं को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। भाजपा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी कर्नाटक के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। भाजपा ने प्रल्हाद जोशी, शोभा करंदलाजे, मनसुख मंडाविया, तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई, कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील समेत 40 को स्टार प्रचारक बनाया है।

## ईडी ने नरेश जैन की 21.3 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने इंदौर (एमपी), ग्रेटर नोएडा (यूपी), सोलन (एचपी) और गांधी नगर (गुजरात) में 21.31 करोड़ रुपये के आवासीय फ्लैट के रूप में नरेश जैन की पांच अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर ईडी द्वारा नरेश जैन और अन्य के खिलाफ एक ईसीआईआर दर्ज करके धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत कार्यवाही शुरू की गई थी।

# अतीक-अशरफ मर्डर केस : 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**एजेंसी। प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में थाना प्रभारी शाहगंज अश्विनी कुमार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिए गए हैं। जांच में प्रथम ध्ष्टया लापरवाही बरती जाने का मामला पाया गया है। इस बारे में पुलिस के एक अधिकारी ने सूचना दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अतीक और अशरफ हत्या मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह, एक उप निरीक्षक और तीन कांस्टेबल को बुधवार को निलंबित कर दिया




गया। उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच में दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर यह कदम उठाया गया है। गौरतलब हो कि माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इन्हे पुलिस द्वारा चिकित्सा परीक्षण के लिए काल्विन अस्पताल परिसर में लाया जा रहा था।

### तीनों शूटर चार दिन की रिमांड पर

**अतीक-अहमद** और अशरफ की हत्या के आरोपी लवलेश तिवारी, मोहित उर्फ सनी और अरुण कुमार मौर्य को बुधवार को मुख्य दंडाधिकारी (सीजेएम) डी.के. गौतम की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों शूटरों की चार दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरी ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दिनेश चंद्र गौतम की विशेष अदालत ने अतीक और अशरफ के तीनो शूटरों को चार दिन का पुलिस रिमांड का आदेश दिया है। पुलिस ने तीनों शूटरों की 14 दिन की रिमांड मांगी है। लेकिन कोर्ट ने तीनों शूटरों की चार दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है। अग्रहरि ने बताया कि भारी सुरक्षा के बीच इन आरोपियों को सीजेएम डी.के. गौतम की अदालत में पेश किया गया और करीब एक घंटे की पेशी के बाद उन्हें यहां से पुलिस अपने साथ ले गई। उन्होंने बताया कि पेशी के बाद आरोपियों को दौड़ा कर अदालत परिसर से बाहर ले जाया गया।

### मामला टीएमसी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा जाने के बाद शाह को फोन करने का

# बात साबित हुई तो इस्तीफा दे दूंगी : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

टीएमसी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा जाने के बाद सीएम ममता बनर्जी की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन करने की अफवाह चल रही है। अब इस पर पश्चिम बंगाल की सीएम ने बयान दिया है। ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि टीएमसी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने के लिए अमित शाह को फोन करने की बात सही साबित हुई तो मैं इस्तीफा दे दूंगी।

उन्होंने कहा कि ये कहा जा रहा है कि तृणमूल कांग्रेस का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा जाने के बाद ममता बनर्जी ने अमित शाह को चार बार फोन किया है। ये सब झूठ चलाने वालों के खिलाफ हम



मामले दायर करेंगे। ये जो लोग ऐसी बात चलाते हैं हम उनसे इस झूठ की माफी लेकर रहेंगे। मैं भारत की राजनीति को अच्छे से समझती हूं। हमारे चार विधायकों को गिरफ्तार कर रखा है। ममता बनर्जी ने कहा कि ये सब केन्द्र की एजेंसी को लेकर मेरे खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। इनका काम है झूठा नैरेटिव बनाना। ये सरकार के पैसे पर चुनाव लड़ते हैं। देश की सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी बीजेपी है। हम अदालत का पूरा सम्मान करते हैं। हम जनता को कहते हैं कि बीजेपी के झूठ में मत आईए। बीजेपी कहती है आपस में सबकी लड़ाई करवा दो। हम नेशनल पार्टी थे, है और रहेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमें किसी की दया से नहीं मिला है। इतने विधायक और सांसद होने के बाद हमे ये नहीं दिया क्योंकि हम बीजेपी का विरोध करते हैं। मेरी पार्टी का नाम अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस रहेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी 200 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी।




### हनी सिंह का गर्लफ्रेंड टीना से ब्रेकअप



**बॉलीवुड** के बहुत ही पॉपुलर रैपर और सिंगर हनी सिंह लगातार खबरों में बने हुए हैं। कभी अपने गानों की वजह से तो कभी अपनी निजी जिंदगी की वजह से। हनी सिंह के गाने युवाओं का दिल जीतते नजर आ रहे हैं। इसी बीच ये बात सामने आई कि स्टाइलिस्ट हनी सिंह का ब्रेकअप हो गया है। कुछ दिनों पहले हनी सिंह ने अपनी पत्नी शालिनी तलवार को तलाक दे दिया था। उसके बाद हनी सिंह खुलेआम टीना थडानी को डेट कर रहे थे लेकिन अब इनके ब्रेकअप की खबर आई है। दोनों ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर साथ में शेयर की गई तस्वीरों को भी डिलीट कर दिया। इनके ब्रेकअप की वजह अभी सामने नहीं आई है।

## इरफान खान की आखिरी फिल्म 28 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, ट्रेलर लॉन्च




**बॉलीवुड** अभिनेता इरफान खान के निधन से दर्शक आज भी पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। 29 अप्रैल को इरफान खान के निधन को 3 साल हो जाएंगे। इरफान की आखिरी फिल्म 28 अप्रैल को पर्दे पर आएगी, जिससे उनके चाहने वालों की ख्वाहिश पूरी होगी। इरफान के बेटे और अभिनेता बाबिल खान ने अपने पिता की आखिरी फिल्म का पोस्टर शेयर कर अपने फैंस को यह जानकारी दी। इरफान की आखिरी फिल्म 'द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियंस' जल्द ही हिंदी में रिलीज होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी सामने आया है। ट्रेलर देखने के बाद इरफान के फैंस उनकी फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, इरफान हम आपको हमेशा याद करते हैं। एक यूजर ने इरफान की परफॉर्मेंस की तारीफ की। एक अन्य यूजर ने लिखा, मैं अपनी खुशी कैसे जाहिर कर सकता हूं, इस फिल्म को बड़े पर्दे पर रिलीज करने का फैसला बहुत अच्छा है। इरफान की फिल्म 'द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स' 6 साल पहले यानी 2017 में रिलीज हुई थी। पहले अलग-अलग भाषाओं में रिलीज हुई यह फिल्म अब हिंदी में रिलीज होने जा रही है, इसलिए इसे इरफान की आखिरी फिल्म कहा जा रहा है। फिल्म में इरफान के साथ गोलशिफते फरहानी, वहीदा रहमान और शशांक अरोड़ा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### संकट | विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बोले सिद्धारमैया

# राजनीति मत कीजिए, हमारे लोग खतरे में

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक के 31 आदिवासी संकटग्रस्त सूडान में फंसे हुए हैं और उन्हें वापस लाने में सरकार की निष्क्रियता के आरोप वाली टिप्पणी को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया के बीच ट्विटर वॉर छिड़ गया है। मंगलवार को, सिद्धारमैया ने संकटग्रस्त सूडान में फंसे कर्नाटक के आदिवासियों को बचाने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों से अपील की थी, यह आरोप लगाते हुए कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया थाः मैं आपके ट्वीट से हैरान हूं! जीवन दांव पर लगा है, राजनीति मत करो।



जयशंकर ने कहा, खार्तूम सूडान में ज्यादातर भारतीय नागरिकों और पीआईओ के साथ लगातार संपर्क में है। विदेश मंत्री पर तंज कसते हुए सिद्धारमैया ने उनसे उस व्यक्ति की ओर इशारा करने को कहा जिससे लोगों को वापस लाने के लिए संपर्क किया जा सके क्योंकि वह बिजी हैं। सिद्धारमैया ने मंगलवार देर रात पोस्ट किया थाः चूंकि आप (जयशंकर) विदेश मंत्री हैं, मैंने आपसे मदद की अपील की है। यदि आप बिजी हैं, तो कृपया हमें उस व्यक्ति के बारे में बताएं जो हमारे लोगों को वापस लाने में हमारी मदद कर सके।


कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह सिद्धारमैया को केंद्रीय विदेश मंत्री की ओर से सबसे भयावह प्रतिक्रिया है। सिद्धारमैया ने पोस्ट की एक सीरीज में कहा थाः मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से तत्काल हस्तक्षेप करने और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं। कांग्रेस नेता ने कहा, सूडान में हक्की पिक्की पिछले कुछ दिनों से बिना भोजन के फंसे हुए हैं और सरकार ने अभी तक उन्हें वापस लाने के लिए कार्रवाई शुरू नहीं की है। भाजपा सरकार को हक्की-पिक्की की भलाई सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक चर्चा करनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों तक पहुंचना चाहिए।

## 'राणा नायडू' के सीजन 2 की तैयारी में जुटा नेटफ्लिक्स



**अमेरिकी** टीवी शो 'रे डोनोवन' का रीमेक 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन के लिए नेटफ्लिक्स तैयारी कर रहा है। सीरीज को आगे बढ़ाने के बारे में बात करते हुए, नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहाः नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज स्लेट पिछले कुछ सालों में अलग-अलग शैलियों में कई तरह की रोमांचक कहानियों के साथ लोगों का मनोरंजन करती रही है। 'राणा नायडू' को लोगों ने काफी पसंद किया है। थ्रिलर ने भारत और दुनिया भर में फैंस को अपनी ओर आर्कषित किया है।

## मेरी सबसे पसंदीदा मेरे माता-पिता की लव स्टोरी है : कंगना रनौत



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने बताया कि कैसे उनके माता-पिता ने सभी की मर्जी के खिलाफ शादी की और कहा कि अगर उनका पुनर्जन्म होता है तो वह उन्हें फिर से अपने माता-पिता के रूप में चाहती हैं। माता-पिता की शादी की सालगिरह पर कंगना ने उन्हें विश करने के लिए इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कई थ्रोबैक फोटोज शेयर कीं। कंगना ने अपनी मां आशा और पिता अमरदीप की पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, मम्मा के प्यार में पड़ने और इस दिन उससे शादी करने के लिए नानू सहित सभी के खिलाफ जाने के लिए धन्यवाद पापा। आपकी प्रेम कहानी मेरी सबसे पसंदीदा है। एक फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, आप दोनों को शादी की सालगिरह मुबारक हो। जैसे मम्मा कहती हैं 'अगर मेरे पास सात जन्म हैं, तो मैं हर जन्म में तुम्हारे पापा को अपने पति के रूप में चाहती हूं'।

### एचएमएआई झारखंड की छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से की मुलाकता

# अपनी समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बुधवार को एचएमएआई झारखंड की छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिसमें डॉ. राजीव कुमार सचिव, डॉ. नरेश कुमार अध्यक्ष, रामजी यादव , डॉ. बीएन सहाय रंजन, डॉ. रानू मेहता, डॉ. शिखा कुमारी ने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए उन्हें झारखंड राज्य में आयुष सम्बंधी समस्याओं के बारे में अवगत कराया तथा राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए महत्वपूर्ण मांगों को महामहिम के समक्ष रखा।

◆ राज्य में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए जिसके अन्तर्गत होमियोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी,योगा सिद्धा, नेचुरोपैथी एवं पंचकर्म की पढ़ाई हो सके।

◆राज भवन में सरकारी कर्मियों को होमियोपैथिक चिकित्सा सेवा मुहैया कराने हेतु राज भवन के परिसर में आयुष ओ पी डी खोला जाए।

◆राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विश्वविद्यालयों के परिसर में आयुष ओ पी डी खोला जाए एवं सामान्य बीमारियों के लिए होमियोपैथिक दवाईयां उपलब्ध कराई जाए साथ ही साप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

◆अनिवार्य साप्ताहिक गतिविधि के रुप में योग को सम्मिलित किया जाए साथ ही 21 जून 2023 को योग दिवस के 50 दिन पूर्व से सभी विश्वविद्यालयों के परिसर में योग कैंपेन चलाया जाए।

◆राज्य में किसी कारणवश बंद पड़े सभी होमियोपैथिक कॉलेजों के पुनः संचालन के लिए एक कमिटी गठित किया जाए।

जिस पर महामहिम राज्यपाल ने अपनी सहमति प्रदान की और कहा कि राज भवन के परिसर में एक आयुष ओ पी डी खोला जाएगा साथ ही महीने में एक दिन राज्य के रिमोट आदिवासी बहुल इलाकों में हर घर आयुष के तहत निःशुल्क आयुष चिकित्सा मेगा कैंप शुरू करने हेतु पूरे महीने में अपना एक दिन देने के लिए आयुष चिकित्सकों से आग्रह किया जिसे एच० एम० ए० आई० के सचिव डॉ राजीव कुमार ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

झारखंड के हर घर की पैथी घर घर पहुंचे होमियोपैथी अभियान के तहत एच एम ए आई और वाई बी एन युनिवर्सिटी रांची के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के प्रत्येक जिले में बहुत ही जल्द निःशुल्क आयुष चिकित्सा मेगा कैंप शुरू हो जाएगी। जिससे हर घर तक आयुष की सेवा पहुंचाई जा सके।

### वीरेंद्र राम-रास बिहारी सिंह मामला

# ईडी और एसीबी को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। मामले में खंडपीठ ने अब तक हुई कार्रवाई पर ईडी और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून को होगी। इस संबंध में पंकज यादव ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। 12 जनवरी को आयकर विभाग ने जमशेदपुर के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दोराबजी ऑटो प्राइवेट, परसुडीह और सुंदर नगर स्थित पहाड़ी इंजीनियरिंग मुंशी मोहल्ला के आवास समेत छह स्थानों पर छापेमारी की थी, जहां आयकर विभाग को निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के करीबी सुरेश प्रसाद वर्मा के आवास से ढाई करोड़ कैश, भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति के कागजात, सोने के आभूषण, निवेश के पेपर समेत टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से समय की मांग की गई। कोर्ट ने दोनों एजेंसियों को चार सप्ताह का समय देते हुए स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

## अदालत की खबरें

### याचिकाकर्ता बताएं, कैसे रतन हाइट्स की संरचना सुरक्षित रहेः हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने बुधवार को रतन हाइट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से पूछा है कि वे सक्षम सिविल इंजीनियर से मंतव्य लेकर बताएं कि कैसे रतन हाइट्स की संरचना सुरक्षित रहे, इसके लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 अपने निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, रोहित रंजन सिन्हा, सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। पूर्व की सुनवाई के दौरान मेकॉन की ओर से रिटेनिंग वॉल के संदर्भ में कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट पेश किया गया था। रिपोर्ट में मेकॉन की ओर से कहा गया है कि यह रिटेनिंग वॉल असुरक्षित है और अंडर कंस्ट्रक्शन है। सुनवाई के दौरान रतन हाइट्स के निवासियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिटेनिंग वॉल नहीं बन रहा है, बेसमेंट बनाया जा रहा है। बीआईटी मेसरा ने भी रिटर्निंग वॉल को सही नहीं बताया था। मामले में रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर ने पैरवी की।

### सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों को भरने मामले की सुनवाई तीन मई को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ में बुधवार को सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को प्रतिवादी बनाया है। साथ ही विधानसभा सचिव को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई तीन मई निर्धारित की है। खंडपीठ ने विधानसभा में विपक्ष के नेता के रिक्त पद के संबंध में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इस पद को लेकर विधानसभा स्पीकर की ओर से डिसक्वालीफिकेशन (बाबूलाल मरांडी) के इश्यू को क्यों नहीं डिसाइड किया जा रहा है। राजकुमार की अवमानना याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता के पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाई कोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। राजकुमार की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर लेने का अंडरटेकिंग दिया था लेकिन अब तक सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है।

### उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक

# वित्तीय वर्ष की प्रस्तावित योजनाओं को दी गई मंजूरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, माननीय महापौर रांची, आशा लकड़ा, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी, रांची, सांसद/विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे। जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की बैठक में रांची जिला अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2020-21 की प्रस्तावित योजनाओं बुढ़मू प्रखंड के तिरु फॉल जलाशय के समीप आधारभूत संरचना निर्माण कार्य, लापुंग प्रखंड अंतर्गत घघारी जलप्रपात के सौंदर्यीकरण एवं नामकुम प्रखंड अंतर्गत चुटिया में स्वर्णरेखा व हरमू नदी के किनारे अवस्थित इक्किसी महादेव मंदिर के निकट शौचालय निर्माण कार्य की स्थलीय जांच का निर्देश दिया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में रांची जिला के अधिसूचित श्रेणी उ एवं ऊ के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास हेतु उपलब्ध राशि के प्रस्तावित योजनाओं को मंजूरी दी गई। इसके तहत अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत सीता फॉल का सौंदर्यीकरण, मारशली पहाड़ स्थित मरियम अम्बा चौक से घघारी होते हुए पीसीसी सड़क निर्माण हेतु डीपीआर बनाने, जगन्नाथ मंदिर स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट व्यवस्था, डीप बोरिंग एवं जलमीनार निर्माण एवं पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण से बचाव हेतु गार्डवाल निर्माण कार्य के प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया। साथ ही बैठक में माननीय महापौर रांची, आशा लकड़ा द्वारा प्रस्तावित गौरी शंकर स्थल के समीप श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शौचालय एवं स्नानाघर निर्माण के प्रस्ताव एवं तमाड़ में हरडी के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को अधिसूचित करने का निर्देश दिया गया।

# मुख्यमंत्री को 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का बैच लगाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के पुलिस महानिदेशक अनिल पालटा एवं अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता ने मुलाकात कर उन्हें 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का बैच लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अग्निशमन सेवा विभाग के कार्यों की जानकारी ली तथा अग्निकांडों से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 को फोर्ट स्टीकेन जहाज में आग लगने पर राहत कार्य करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीरों की याद में हर वर्ष मनाया जाता है।

# कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के मेजबानी में एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया ओपन इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें देश भर से लगभग 700 कराटे खिलाड़ी एवं 50 पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। वहीं मेजबान टीम झारखंड के भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मेजबान टीम झारखंड के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में लोहरदगा के खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें कुल 11 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जिसमें 6 लड़कियां और 5 लड़के खिलाड़ी शामिल है। इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर सभी जिले से खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा रहा है ।ताकि मेजबान टीम का प्रदर्शन अच्छा हो सके। चयनित खिलाड़ियों को इमा के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा लोहरदगा जिला प्रतिनिधि देवंती कुमारी, राकेश तिर्की, कुंदन उराँव, पीटर कच्छप आदि ने बधाई दी। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है। मोहन टाना भगत, सूरजमणि कुमारी, राखी कुमारी, आरम अंसारी, अशालीन अंसारी, अमृता कुमारी, रोशनी उरांव, रानी कुमारी, सूरज उरांव, खुशबू तिर्की, अंशु तिर्की शामिल हैं '

### उपचार | समय पर उपचार नहीं होने पर मौत हो सकती है

# गर्मी में पशुओं की भी उचित देखभाल जरुरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य में बढ़ती गर्मी का असर आम जनजीवन में दिखने लगा है। प्रचंड गर्मी से मनुष्य के साथझ साथ पशु भी परेशान है। ऐसे में बीएयू के डीन वेटरनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने गर्मियों में पशुओं के देखभाल में विशेष सतर्कता बरतने एवं बचाव के उपायों की सलाह दी है। डॉ. प्रसाद के मुताबिक, गर्मी के दिनों में पशुओं में निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक्स एवं हीट स्ट्रेस एक आम समस्या है। समय पर शीघ्र उपचार नहीं किये जाने से पशुओं की मौत की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों पर अमल किया जाना जरुरी है। उन्होंने बताया कि मवेशियों को उच्च तापमान से बचाने के लिए शेड के छत की गर्मी कम करने के लिए पुआल या सूखी पत्तियों से छत को ढंककर पशुओं/मुर्गी को गर्मी से बचाने का उपाय करें। दोपहर के समय शेड की छत पर ठंडे पानी का छिड़काव करें। पैर और मुंह के रोग बचाव के लिए एफएमडी टीकाकरण, ब्लैक कार्टर रोग से बचाव के लिए बीसी टीकाकरण और रक्तस्त्रावी सेप्टिसीमिया के खिलाफ पशुओं का टीकाकरण अवश्य करायें। पशुओं को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रति दिन स्वच्छ और 50 ग्राम आयोडीनयुक्त नमक और 50 से 100 ग्राम खनिज मिश्रण पशु आहार में हरे चारे के साथ प्रदान करें। शुद्ध पानी का इस्तेमाल करें। रात के समय पशु घर में नवजात बछड़ों को ठंडी हवा से बचाएं। पशुओं के आहार में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट, वसा, विटामिन, खनिज, लवण एवं एंटीबायोटिक का समावेश करें। गर्मियों में मुर्गीपालन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। बड़ी मुर्गियाँ ठंडे मौसम की अपेक्षा गर्मियों में अधिक प्रभावित होती है। दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होने के कारण मुर्गियां हीट स्ट्रोक्स से प्रभावित होकर मरने लगती है। इसलिए जरुरत से अधिक मुर्गियां न रखें और पानी के बर्तन की संख्या बढ़ा दें। धातु के बर्तन का इस्तेमाल न करें। ताजा, ठंडा एवं शुद्ध पानी दें। छत पर पुआल या घास डालें। छत की सफेदी जरुर कर लें। शेड में छज्जों के साथ टाट लटका दें और टाट पर पानी का छिड़काव करें। मुर्गियों को जाली से दूर रखें और फुहारा करें ताकि हवा का आवागमन अवरुद्ध न हो। दोपहर के बाद मुर्गियों को ताजा गीला खाना खिलायें। गर्मी का प्रभाव कम करने के लिए मुर्गियों को विटामिन सी एवं डेक्साट्रोज आदि पानी में मिलकर पिलायें।

## पृष्ठ एक का शेष

**पलामू : पांच लाख के इनामी सहित...**

चंदन सिन्हा ने बताया कि संतु भुइयां उर्फ संतोष भुइयां पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। संतोष भुइयां दो दर्जन से अधिक बडी घटनाओं में संलिप्त है। माओवादी नक्सली राजेश ठाकुर भी आधा दर्जन से अधिक बड़ी घटनाओं में संलिप्त है। दोनो नक्सलियों के खिलाफ जिले के भंडरिया, नौडीहा, पांकी, छत्तरपुर और मदनपुर के थाने में मामले दर्ज हैं। आईजी राजकुमार लकड़ा और उपायुक्त ए. दोड्डे ने कहा कि दोनों आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और उनके परिवार को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सारी सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी। इस मौके पर माओवादी नक्सली संतु भुइयां और राजेश ठाकुर ने कहा कि वे अपने निजी समस्याओं को लेकर संगठन में शामिल होकर हथियार उठाने को मजबूर हुए थे। उन्होंने कहा कि लोभ देकर नक्सली संगठन में शामिल कराया जाता है लेकिन बाद में कोई लाभ नहीं मिलता है। संगठन सिर्फ उपयोग करते हैं। इन माओवादियों के आत्मसमर्पण से नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है।

**माओवादी कमांडर गंझू पर तीन...**

किया था। लातेहार के गारू थाना में दर्ज केस संख्या 32/2017 और एनआईए केस संख्या आरसी 14/2017 के अनुसंधान के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर एनआईए की रांची ब्रांच ने केस संख्या आरसी 03/2021 दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। यह मामला साल 2017 का है। भाकपा माओवादी की सेंट्रल कमिटी के सदस्य सुधाकरण (सरेंडर कर चुका) के भाई बी नारायण रेड्डी और दोस्त सत्यनारायण रेड्डी को रांची पुलिस ने 30 अगस्त 2017 को 25 लाख रुपये नकद और आधा किलोग्राम सोना के साथ के पकड़ा था। इस मामले में रांची के चुटिया थाना में केस संख्या 180/2017 दर्ज हुआ था। गृह मंत्रालय के आदेश पर एनआईए ने इस मामले को टेकओवर कर जांच शुरू की है। इस केस को एनआईए ने 31 अक्टूबर 2017 को टेकओवर करते हुए केस संख्या आरसी 14/2017 दर्ज किया था। इस मामले के अनुसंधान के दौरान एनआईए ने गुमला जिले के बिशुनपुर के रहने वाले नक्सली प्रभु साव को गिरफ्तार किया था। प्रभु साव ने एनआईए को जानकारी दी थी कि भाकपा माओवादी की सेंट्रल कमिटी के सदस्य सुधाकरण लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र स्थित रूप पंचायत के जंगल में 100 से अधिक नक्सलियों के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसके बाद एनआईए ने प्रभु साव की निशानदेही पर रुद्रा गांव के जंगल में छापेमारी कर एसएलआर की 13 राउंड गोली और नक्सली साहित्य बरामद किया था।

**हाथियों ने बुजुर्ग महिला को...**

अमित कुमार, मंडल महामंत्री विजय यादव, शैलेश सिंह, मनोज यादव, पंस सहेंद्र राम, पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, मोहन पांडे, कार्तिक उरांव, महेंद्र यादव, अरुण चौधरी, उदय गंझु, विजय गंझु, कारू यादव, विजय राम, जयराम उरांव, बालेश्वर उरांव, राजेंद्र यादव, विशुन यादव समेत दर्जनों ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

**झारखंड बंद : छात्रों पर...**

में कही किसी प्रकार का सड़क जाम नहीं हुआ और न ही कोई तोड़ फोड की घटना हुई है। पूरे जिले से 82 बंद समर्थकों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ओरमांझी से 14, अनगड़ा से 18, सिल्ली से 20, लालपुर से 25, मेसरा से पांच बंद समर्थकों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में सभी को देर शाम छोड़ दिया गया।

**पूरे उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी....**

ने लोगों को लू की याद दिला दी है। घरों से दिन में निकलना मुश्किल हो गया है। रांची में अप्रैल के अंत और मई के शुरूआती दौर में जहां तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचता था, इस वर्ष अभी से ही पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। बुधवार को दोपहर ठीक एक बजे झारखंड के तीन प्रमुख शहरों का तापमान 40 डिग्री से उपर था। बोकारो का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और धनबाद का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना बनी हुई है। खासकर पलामू, कोल्हान और संथाल परगना के इलाके में हीट वेव चलने से परेशानी हो सकती है। उन्होंने लोगों को अलर्ट रहने के लिए कहा है।

**हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय :** आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मंगलवार से उत्तर पश्चिमी मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने का अनुमान है। इस महीने की शुरूआत में मौसम विभाग कार्यालय ने उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़कर अप्रैल से जून तक देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया था। इस अवधि के दौरान मध्य, पूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवा चलने दिनों की उम्मीद है।

**बिहार में दो दिन तक चलेगी लू :** मौसम विभाग ने बिहार के पटना, बांका, जमुई, नवादा, औरंगाबाद, सुपौल और कई अन्य जिलों में मंगलवार से दो दिनों तक ह्वलू' चलने की चेतावनी के साथ ह्वनारंगी' अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, राज्य के बेगूसराय, नालंदा, गया, अरवल, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, खगड़िया और मुंगेर क्षेत्रों में भी ह्वयेलो' चेतावनी जारी की गई है।

**बंगाल में भी गर्मी से बेहाल लोग :** पश्चिम बंगाल के बांकुरा में उच्चतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राजधानी कोलकाता में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**हरियाणा और पंजाब में गर्मी की स्थिति :** हरियाणा और पंजाब में गर्मी की स्थिति बनी हुई है और दोनों राज्यों के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा के हिसार में भीषण गर्मी पड़ रही है और वहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। करनाल में भी दिन गर्म रहा और अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**प्रयागराज और हमीरपुर सबसे गर्म :** उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज और हमीरपुर 44.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में अलग-अलग स्थानों पर बारिश/गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। लखनऊ में अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**हिमाचल में कई इलाकों में बारिश :** चिलचिलाती धूप से परेशान हिमाचल के निचले पहाड़ी इलाकों के लोगों को कुछ राहत मिली, क्योंकि कई स्थानों पर हल्की बारिश के बाद अधिकतम तापमान में कुछ डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। ऊना में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि धौलाकुआं सबसे गर्म क्षेत्र रहा, जहां अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोकप्रिय पर्यटन स्थलों शिमला, मनाली, धर्मशाला और नारकंडा में अधिकतम तापमान क्रमशः 25.4 डिग्री सेल्सियस, 21 डिग्री सेल्सियस, 28.2 डिग्री सेल्सियस और 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**आंध्र प्रदेश में भी भीषण लू :** आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए) ने मंगलवार को राज्य के एक मंडल में भीषण लू की स्थिति और 117 और मंडलों में लू की स्थिति का अनुमान लगाया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने एक बयान में कहा, ह्वजबकि अल्लुरी सीताराम राजू जिले में सात मंडल, अनाकापल्ली में 16, पूर्वी गोदावरी में चार, एलुरु, पलनाडू, विशाखापत्तनम और नंद्याला में दो-दो, गुंटुर में छह और कृष्णा में 10 मंडलों में लू चलने की संभावना है ह्व इसमें दिन की शुरूआत में कहा कि 117 मंडलों में से अल्लूरी सीताराम राजू जिले के चिंटूर और नेल्लीपाका में मंगलवार को तापमान क्रमशः 44।7 डिग्री और 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने की संभावना है।

**ओडिशा में अधिकतम तापमान 40 के पार :** ओडिशा में मंगलवार को कम से कम 29 स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बारीपाड़ा और झारसुगुड़ा राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे, जहां अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के बोलांगीर और बौध में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद नुआपाड़ा में 43.6 डिग्री सेल्सियस, टिटलागढ़ और सोनपुर में 43.2 डिग्री सेल्सियस, अंगुल में 43.1 डिग्री सेल्सियस तथा सुंदरगढ़ और संबलपुर में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य की राजधानी भुवनेश्वर और पास के कटक में अधिकतम तापमान क्रमशः 42.7 और 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में कहा कि अगले दो-तीन दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्वीयाटेक स्टटगार्ट ओपन में खिताब बचाने को तैयार : स्वीयाटेक



**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने आश्वस्त किया है कि वह अब चोटिल नहीं हैं और स्टटगार्ट ओपन में अपना खिताब बचाने के लिए तैयार हैं। मार्च में पसलियों की चोट के कारण स्वीयाटेक को मियामी ओपन और बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर्स से हटना पड़ा था। उन्हें यह चोट इंडियन वेल्स सेमीफाइनल की तैयारी के दौरान लगी थी। स्वीयाटेक ने स्टटगार्ट में पत्रकारों से कहा, मैं अब चोटिल नहीं हूं और यही बात मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि वारसॉ में मैंने अपना समय थोड़ा आराम करने में बिताया और टेनिस के बारे में कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा, मैं शारीरिक रूप से मेहनत कर रही हूं और अपने अभ्यास को धीरे-धीरे आगे बढ़ा रही हूं। अब मुझे लगता है कि मैं पूरी तरह फिट हूं।

### जयपुर में आईपीएल मैच से पहले एक नए विवाद



**जयपुर।** राजस्थान में बहुप्रतीक्षित आईपीएल मैच शुरू होने से कुछ ही घंटे पहले एक नया विवाद खड़ा हो गया। राज्य के खेल मंत्री अशोक चांदना ने मंगलवार शाम यहां सवाई मान सिंह (एसएमएस) स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) द्वारा स्टेडियम में किए गए निर्माण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आरसीए ने एमओयू का उल्लंघन किया है। चांदना ने कहा कि आरसीए ने आईपीएल से पहले एसएमएस स्टेडियम में दो नए सीटिंग बॉक्स बनवाए हैं और अनावश्यक रूप से जगह पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, इस अस्थायी स्टैंड के कारण खेल विभाग के कर्मचारी कार्यालय नहीं जा पा रहे हैं। हालांकि, आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने खेल मंत्री द्वारा की गई आपत्तियों पर पलटवार करते हुए कहा कि एमओयू के नियमों और शर्तों के अनुसार काम किया गया है।

### इवांस चेबेट ने फिर जीती बोस्टन मैराथन

**बोस्टन।** मौजूदा चैम्पियन इवांस चेबेट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां लगातार दूसरी बार बोस्टन मैराथन में जीत हासिल की जबकि विश्व रिकार्ड धारक इलियुड किपचोगे छठे स्थान पर रहे। कीनिया के चेबेट ने 2 घंटे, 5 मिनट और 12 सेकंड का समय लेकर दौड़ जीती। 2 बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता किपचोगे को यहां खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह पहले तीन में भी जगह नहीं बना पाए।

# अर्जुन को अपने पिता सचिन तेंदुलकर का टेम्परामेंट मिला है : गावस्कर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लीजेंड सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अर्जुन तेंदुलकर की सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें अपने पिता महान सचिन तेंदुलकर का टेम्परामेंट मिला है। अर्जुन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुम्बई इंडियंस का आखिरी ओवर डाला और अपना पहला आईपीएल विकेट लेते हुए मुम्बई को 14 रन से जीत दिलाई। गावस्कर ने अर्जुन और उनके महान पिता के बीच समानताओं को पहचाना और जूनियर तेंदुलकर को सोचने वाला क्रिकेटर बताया।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, हर कोई बात करता था कि सचिन तेंदुलकर के पास अपने करियर की शुरूआत में कितनी अद्भुत प्रतिभा है लेकिन यह उनका टेम्परामेंट था जो लाजवाब था और अर्जुन को वही टेम्परामेंट मिला है। वह सोचने वाले क्रिकेटर दिखाई देते हैं। यह एक अच्छा संकेत है कि एक युवा को आखिरी ओवर डालने को मिलता है और वह टीम को जीत दिलाता है।

हैदराबाद में मिली 14 रन की जीत के साथ मुम्बई ने शेष टीमों को मजबूत सन्देश दिया है कि पांच बार के चैंपियन अपनी लय में वापस आ रहे हैं।

मुम्बई ने लगातार तीन मैच जीत लिए हैं और इस बदलाव का बड़ा कारण कैमरून ग्रीन, तिलक वर्मा और अर्जुन जैसे युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन है।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि मुम्बई टीम के युवा तुर्क बड़े सितारों की अनुपस्थिति में अपना प्रदर्शन दिखा रहे हैं जो किसी भी टीम के लिए अच्छा संकेत है।

फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे बड़े सितारों की अनुपस्थिति में मुम्बई टीम के युवा खिलाड़ी खड़े हुए हैं। टीम को इन बड़े खिलाड़ियों की कमी पहले एक-दो मैचों में खली लेकिन अब युवा खिलाड़ी परफॉर्म करके दिखा रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान कैमरून ग्रीन की प्रगति देखकर काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, कैमरून ग्रीन विश्व क्रिकेट के अगले सुपरस्टार होंगे। वह प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हर दिन के साथ अपने खेल का लेवल ऊँचा करते जा रहे हैं।



# चैंपियंस लीग : एसी मिलान 16 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल में

**एजेंसी। नेपल्स**

सात बार के विजेता ए सी मिलान ने नेपाली के साथ 1-1 का ड्रा खेलकर 2007 के बाद से पहली बार यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

पहले चरण में मिली संकीर्ण जीत के बाद नेपल्स में 1-1 का ड्रा मिलान को 16 वर्षों में पहली बार यूरोप की इस एलीट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त था। मिलान ने 43वें मिनट में बढ़त बनायी जब लियो ने तेजी के साथ तीन डिफेंडरों को छकाया और ओलिवियर को पास दिया जिन्होंने खुले गोल में गेंद पहुंचाकर टीम को बढ़त दिला दी। मैच में 81वें मिनट के वाद नेपाली को टोमोरी के हैंडबॉल के कारण पेनल्टी मिली लेकिन माइक मैग्नान ने शानदार डाइविंग बचाव कर खतरा टाल दिया। नेपाली ने इंजरी समय में ओसिमहेन के हैडर से किये गोल से बराबरी हासिल कर ली लेकिन ए सी मिलान ने मुकाबला ड्रा खेलकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में ए सी मिलान का इंटर या बेनीफिका से मुकाबला होगा।

### पेरिस ओलंपिक 2024 के बास्केटबॉल स्पर्धा में रूस के हिस्सा लेने पर प्रतिबंध

**स्विट्जरलैंड।** बास्केटबॉल की अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय फीबा ने अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की बास्केटबॉल स्पर्धा में रूस के हिस्सा लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंगलवार को फीबा ने घोषणा की कि रूस को इस साल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि फीबा ने पिछले साल यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद रूस की टीमों को अंतरराष्ट्रीय खेल से निलंबित कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के व्यक्तिगत एथलीटों को तटस्थ के रूप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देती है, लेकिन बास्केटबॉल की तरह राष्ट्रीय टीमों के रूप में नहीं। फीबा ने आईओसी की सिफारिशों का हवाला देते हुए एक बयान में कहा, रूस की विश्व रैंकिंग इस साल ओलंपिक प्रीक्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलने के लिए काफी ऊंची थी, लेकिन वह स्थान बुल्गारिया को यूरोप की अगली सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम के रूप में दिया जाएगा। रूसी महिला टीम पहले ही योग्यता से चूक गई थी जब उसे पिछले साल विश्व कप और यूरोबास्केट योग्यता से निलंबित कर दिया गया था। बेलारूस पुरुषों या महिलाओं की टीमों के लिए अर्हता प्राप्त नहीं कर सकता।

# लखनऊ ने राजस्थान को दिया 155 रन का टारगेट

**एजेंसी। जयपुर**

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 154 रन बनाए हैं। काइल मेयर्स ने 42 बॉल पर 51 रनों की पारी खेली। कप्तान केएल राहुल ने 39 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 28 और मार्कस स्टोइनिस ने 21 रन बनाए। रविचंद्रन अश्विन को दो विकेट मिले। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और जेसन होल्डर को एक-एक विकेट मिला। काइल मेयर्स ने मौजूदा सीजन का तीसरा अर्धशतक जमाया। उन्होंने 40 बॉल में फिफ्टी पूरी है। उन्होंने 42 बॉल पर 51 रनों की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल थे। कप्तान केएल राहुल और काइल मेयर्स ने धीमी शुरूआत के बाद 65 गेंद पर 82 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम को धीमी लेकिन मजबूत शुरूआत दिलाई। यहां केएल राहुल आउट हुए। राहुल के पीछे पीछे आयुष बडोनी भी पवेलियन लौट गए। पावरप्ले में लखनऊ के ओपनर्स ने धीमी शुरूआत दी। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में 37 रन बनाए। केएल राहुल और काइल मेयर्स नाबाद रहे। पावरप्ले में केएल राहुल के दो कैच ड्रॉप हुए। राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, ध्रुव जुरेल, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा और जेसन होल्डर। इम्पैक्ट प्लेयर्स : देवदत्त पडिक्कल, एम अश्विन, डोनेवन फरेरा, नवदीप सैनी और जो रूट। लखनऊ सुपर जायंट्सः केएल राहुल (कप्तान), मार्कस स्टोइनिस, काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, आयुष बडोनी, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आवेश खान, रवि बिश्नोई और युद्धवीर सिंह चरक। इम्पैक्ट प्लेयर्सः कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, डेनियल सैम्स, अमित मिश्रा, प्रेरक मांकड़। केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ सुपरजायंट्स अब तक राजस्थान रॉयल्स को नहीं हरा सकी है। मौजूदा सीजन में दोनों टीमों ने अब तक 5-5 मैच खेले हैं। पॉइंट्स टेबल में 4 जीत और 1 हार के साथ राजस्थान टॉप पर है।

**काइल मेयर्स ने जमाया सीजन का तीसरा अर्धशतक**



# आईसीसी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

**एजेंसी। मेलबर्न**



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत के खिलाफ आईसीसी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को ओवल में भारत के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और शुरूआती दो एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17-सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। चुने गए 17 खिलाड़ी भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल और एजबेस्टन और लॉर्ड्स में शुरूआती दो एशेज टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। पैट कमिंस की भी बतौर कप्तान टीम में वापसी हुई है, जिन्होंने अपनी बीमार मां के साथ रहने के लिए भारत दौरे को बीच में ही छोड़ दिया था। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए 15 सदस्यीय फाइनल टीम का चयन 28 मई को किया जाएगा। उस्मान ख्वाजा को टीम में शामिल किया गया है और उम्मीद की जा रही है कि वह सलामी बल्लेबाज की भूमिका को निभाएंगे, जबकि मार्कस हैरिस और मैट रेनशॉ शीर्ष क्रम के अन्य विकल्प हैं। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, ब्रिटेन हमारे हालिया भारत दौरे से बहुत अलग है और कुछ बदलाव उन स्थितियों पर आधारित हैं जिनकी हम उम्मीद कर रहे हैं। मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड और मिशेल मार्श टीम में लौट आए हैं। हम डब्ल्यूटीसी फाइनल और पहले एशेज टेस्ट के साथ-साथ दूसरे एशेज टेस्ट के बाद फिर से टीम का मूल्यांकन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया 16-20 जून तक एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पहले एशेज टेस्ट में जाने से पहले 7-11 जून तक ओवल में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत से खेलेगा।

# ईशान किशन ने टी-20 में पूरे किये 4,000 रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और मुंबई इंडियंस (एमआई) के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने टी-20 क्रिकेट में 4,000 रन पूरे कर लिए हैं। किशन ने यह उपलब्धि मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हासिल की। मैच में किशन ने 31 गेंदों में 38 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। उनके रन 122.58 की स्ट्राइक रेट से आए। किशन ने अब तक 156 टी20 मैचों में 28.82 की औसत और 130.43 की स्ट्राइक रेट से 4,007 रन बनाए हैं। उन्होंने 113 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ इस प्रारूप में तीन शतक और 22 अर्धशतक बनाए हैं। इन मैचों में से, उन्होंने भारत के लिए 27 टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 25.11 की औसत और 122.74 की स्ट्राइक रेट से 653 रन बनाए हैं। उनके नाम प्रारूप में भारत के लिए चार अर्धशतक हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 89 है।

# अकमल ने पाक के सीनियर खिलाड़ियों को दी उनके राज खोलने की धमकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज उमर अकमल ने हाल ही में चौंकाने वाले खुलासे करने और साथियों के कई रहस्यों को उजागर करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने उन पर आरोप लगाना बंद नहीं किए तो भी रहस्य खोल देंगे जिससे उनके परिवारों को भी दुख होगा।

अकमल ने 16 टेस्ट में 1003 रन, 121 वनडे में 3194 रन और पाकिस्तान के लिए 84 टी20आई में 1690 रन बनाए। लेकिन विभिन्न विवादों के चलते वह पाकिस्तान लाइनअप में अपनी जगह खो बैठे। अक्सर विवादों में घिरे रहने के कारण अकमल के कई साथी खिलाड़ी कीपर-बल्लेबाज को उनके खराब रवैये और 'अपरिपक्वता' के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। हाल ही में, उन्होंने आगे आकर अपने वरिष्ठ सहयोगियों को धमकी दी कि अगर उन्होंने उन पर आरोप लगाना बंद नहीं किया तो वे उनके रहस्य उजागर कर देंगे।

उन्होंने कहा, 'ज्यादातर क्रिकेटर कहते हैं कि मैं परिपक्व नहीं हूं। और ये क्रिकेटर वे हैं जिनके साथ मैंने क्रिकेट खेला। वे मेरे वरिष्ठ हैं और मैं वास्तव में उनका सम्मान करता हूं, मैं कहना चाहूंगा, 'मुझे आपने रहस्य खोलने के लिए मजबूर न करें' मेरे पास खिलाड़ियों के चौंकाने वाले रहस्य हैं, और अगर मैं उन्हें प्रकट करता हूं, तो इससे उनके परिवारों को भी दुख होगा।' अकमल ने आगे कहा, 'हमारे लोग बहुत मासूम हैं और क्रिकेट देखना पसंद करते हैं। मैं सिर्फ उसका सम्मान करता हूं और मेरे पास मौजूद रहस्यों को उजागर नहीं करता। अगर ये रहस्य सामने आएंगे तो लोग क्रिकेट देखना बंद कर देंगे।'

# एफसी गोवा ने महत्वहीन मैच में मोहन बागान को 1-0 से हराया



**एजेंसी। कोझिकोड**

एटीके मोहन बागान का सुपर कप 2023 में निराशाजनक अभियान उसके आखिरी ग्रुप सी मैच में एफसी गोवा से मिली 0-1 की हार के साथ समाप्त हुआ। सीरिया के खिलाड़ी फरेस अरनॉट ने मैच का एकमात्र गोल 88वें मिनट में किया। इस मैच का परिणाम के लिहाज से कोई महत्व नहीं था क्योंकि इस ग्रुप से जमशेदपुर एफसी तीन जीत से नौ अंक लेकर सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुकी है। गोवा की टीम छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि बागान तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**दोहरी मार** | दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों का सामान हुआ गायब

# 16 लाख रुपए का सामान रास्ते से चोरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2023 की शुरूआत खराब रही और टीम को पहले पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। अब टीम के कुछ खिलाड़ियों के बल्ले, पैड सहित 16 लाख रुपए का सामान रास्ते में चोरी हो गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेंगलुरू से दिल्ली की यात्रा के दौरान सामान गायब हो गया था और खिलाड़ियों को उनके किट बैग कमरों में पहुंचाए जाने के बाद इस बारे में पता चला। चोरी की गई चीजों में ज्यादातर बल्ले थे। डेविड वार्नर और फिल साल्ट ने तीन-तीन और मिचेल मार्श के दो बल्ले गायब थे। भारत के युवा खिलाड़ी यश ढुल के भी पांच बल्ले चोरी हो गए हैं। इसके अलावा कुछ क्रिकेटरों के जूते, दस्ताने और भी बहुत सामान चोरी हो गया था। दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, 'वे सभी चौंक गए जब उन्होंने सुना कि हर किसी ने अपने किट बैग से कुछ खो दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है और मामला जल्द ही रसद विभाग, पुलिस और बाद हवाईअड्डे पर उठाया गया था और जांच की जा रही है।

कुछ विदेशी खिलाड़ियों के कुछ बल्लों की कीमत लगभग 1 लाख के आसपास है। उनके सामान के बावजूद दिल्ली टीम गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अगले शाम के घरेलू खेल से पहले अपना अभ्यास सत्र पूरा करने में कामयाब रही और खिलाड़ी जाहिर तौर पर अपने प्रबंधकों के संपर्क में हैं जिन्होंने जल्द ही नया सामान भेजने के लिए बल्ले निमार्ताओं से संपर्क किया है।

यह पहला मामला है जब भारी मात्रा में खिलाड़ियों का सामना गायब हुआ हो। आईपीएल आमतौर पर एक कंपनी को काम पर रखता है जो किटबैग को एक से दूसरे स्थान पर आसानी से स्थानांतरित करने के लिए जिम्मेदार होती है। किटबैग खिलाड़ियों द्वारा उनके कमरों के बाहर रखे जाते हैं और वे अगले होटल में पहुंचकर क्रिकेटरों को सौंपे गए कमरों के सामने रख दिए जाते हैं। जांच शुरू की गई है और संबंधित प्राधिकरण मामले को समझने की कोशिश कर रहा है कि वास्तव में क्या हुआ।

